mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-356 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
27 दिसंबर 2024 शुक्रवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



खेलरत्न की अनुशंसा...

@ पेज 7

### संक्षिप्त समाचार

## रोम की मेन जेल में पहुंचे पोप फ्रांसिस

**रोम (एजेंसी)।** पोप फ्रांसिस ने बृहस्पतिवार को रोम के मुख्य कारावास में अपने पवित्र वर्ष का आगाज किया और वह कैदियों के लिए आशा का संदेश लेकर वहां पहुंचे। उन्होंने कैदियों को कैथोलिक चर्च के 25 साल में एक बार होने वाले उत्सव में शामिल किया। इस उत्सव के दौरान लगभग 3.2 करोड़ तीर्थयात्रियों के रोम आने की उम्मीद है।



फ्रांसिस अपनी व्हीलचेयर से खड़े हुए और रेबिबिया जेल में चैपल का दरवाजा खटखटाया तथा दहलीज के पार चले गए। उन्होंने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर दो रात पहले सेंट पीटर बेसिलिका में की गई अपनी भाव मुद्रा को दोहराया। बेसिलिका में पवित्र द्वार के उद्घाटन के साथ आधिकारिक तौर पर जुबली वर्ष की शुरुआत हुई। चर्च की लंबे समय से चली आ रही यह परंपरा अब हर 25 साल के अंतराल पर होती है और इसमें तीर्थयात्रा पर रोम आने वाले लोग शामिल होते हैं। पोप फ्रांसिस ने जेल में प्रवेश करने से पहले कैदियों से कहा, ''पहला पवित्र द्वार मैंने क्रिसमस पर सेंट पीटर्स में खोला था। मैं चाहता था कि दूसरा यहीं जेल में हो।'' उन्होंने कहा, ''मैं चाहता हूं कि हममें से प्रत्येक को यहां, अंदर और बाहर, अपने दिल के दरवाजे खोलने और यह समझने का अवसर मिले कि आशा निराश नहीं करती है।

## दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति की बढ़ेंगी मुश्किलें

**सियोल (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया की मुख्य विपक्षी पार्टी ने देश के कार्यवाहक राष्ट्रपति के खिलाफ बृहस्पतिवार को महाभियोग चलाने का प्रस्ताव पेश किया। यह महाभियोग प्रस्ताव संवैधानिक न्यायालय के तीन रिक्त पदों को भरने में उनकी अनिच्छा के कारण लाया गया है। महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ विद्रोह के आरोपों की न्यायालय द्वारा समीक्षा किए जाने से पहले कार्यवाहक राष्ट्रपति के विरुद्ध यह प्रस्ताव रखा गया है। तीन दिसंबर को अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' के आदेश के कारण यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था।



उदारवादी विचारधारा वाली विपक्षी पार्टियों और यून की रूढ़िवादी विचारधारा वाली पार्टी के बीच बढ़ते विवाद के कारण न्यायालय में नियुक्तियां रुकी हुई हैं। वर्तमान कार्यवाहक राष्ट्रपति के तौर पर कार्यभार संभाल रहे प्रधानमंत्री हान डक-सू के संभावित महाभियोग से राजनीतिक गतिरोध और गहरा सकता है। विपक्षी दलों द्वारा नियंत्रित 'नेशनल असेंबली' ने संवैधानिक न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए भी प्रस्ताव पारित किया है। न्यायालय यून को बर्खास्त या बहाल करने पर विचार-विमर्श शुरू करने की तैयारी कर रहा है।

## अभी यूपी पूरी तरह से सेफ नहीं, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश जनसंख्या के आधार पर भारत का सबसे बड़ा राज्य है। बीते समय में अपराध के मामले में भी उत्तर प्रदेश चर्चा में बना रहता था। हालांकि, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यूपी पुलिस की ओर से अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब गुरुवार को यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बड़ी बात कही है। राज्यपाल ने कहा है कि अभी उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था और बेहतर होने की जरूरत है।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को कहा है कि यूपी में कानून व्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि जब वो गुजरात मे थी तो सुनती थी कि यूपी में ल?कियां पांच बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकल पाती हैं। हालांकि, अब ऐसा नहीं है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था बेहतर है लेकिन अभी कानून व्यवस्था को और बेहतर होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभी यूपी पूरी तरह से सेफ नहीं हुआ है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल गुरुवार को लखनऊ में पत्रकारों से बात कर रही थीं। उत्तर प्रदेश में हो रहे एनकाउंटर और बुलडोजर एक्शन पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सुप्रीम इन कार्रवाई में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन्स का पालन हो रहा है।

### दिल्ली यूनिट के नेताओं पर कार्रवाई की मांग

## आम आदमी पार्टी ने दिया कांग्रेस को अल्टीमेटम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए तारीख की घोषणा अभी नहीं हुई है लेकिन आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की तकरार अब चरम पर जा पहुंची है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली कांग्रेस ईकाई के नेताओं पर बीजेपी से मिलीभगत का आरोप लगाया है। पार्टी ने कांग्रेस के दिल्ली यूनिट के नेताओं पर कार्रवाई की मांग की है और यह अल्टीमेटम दिया है कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो वे इंडिया अलायंस के नेताओं से बात करेंगे।

आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली की सीएम आतिशी और आप नेता संजय सिंह ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वही करती है जो बीजेपी चाहती है। उन्होंने दिल्ली ईकाई के कांग्रेस नेताओं बीजेपी के बीच सांठगाठ का आरोप लगाया। सीएम अतिशी ने कहा कि अगर कांग्रेस की बीजेपी से सांठगांठ नहीं है तो अगले 24 घंटे में दिल्ली कांग्रेस के नेताओं पर कार्रवाई करे। आम आदमी पार्टी अब इंडिया गठबंधन के नेताओं के




साथ बात करेगी और कांग्रेस को गठबंधन से अलग करने पर विचार करेगी।

संजय सिंह ने कहा-दिल्ली में कांग्रेस बीजेपी के पक्ष में ख?ी है। हर वो काम कर रही है जिससे बीजेपी को फायदा हुआ है। अजय माकन बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। कल इन्होंने सारी हदें पर कर दी। कहा अरविंद केजरीवाल एन्टी नेशनल है। ये किस प्रकार का बयान है। कल केजरीवाल के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज करवाया गया। अरविंद केजरीवाल वो शख्स है जो कांग्रेस के नेताओं के लिए प्रचार करते थे। हरियाणा में कांग्रेस की वजह से हमारा गठबंधन नहीं हुआ। उसके बाद भी हमने एक शब्द कांग्रेस के खिलाफ नहीं बोला। कांग्रेस के कैंडिडेट को देख लीजिए.. ऐसा लगता है कि वो आप को कमजोर करने के लिए ऐसे ऐसे उम्मीदवार को उतारा है। संदीप दीक्षित को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ उतारा है। हमा कांग्रेस को 24 घंटे का समय देते हैं कि वो अजय माकन के खिलाफ करवाई करें, नहीं तो इंडिया गठबंधन के बाकी सहयोगी से बात करेंगे कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से अलग किया जाए।

## संभल में जामा मस्जिद से करीब 300 मीटर की दूरी पर मिला ऐतिहासिक कुआं

**संभल (एजेंसी)।** कार्तिकेश्वर महादेव मंदिर को जनता के लिए खोले जाने के बाद से संभल में मंदिर के अवशेष और कुएं मिलने की प्रक्रिया जारी है। ताजा जानकारी के अनुसार, गुरुवार को खुदाई के दौरान एक और कुंआ मिला है। यह कुंआ जामा मस्जिद से करीब



300-400 मीटर की दूरी पर मिला। यह कूप संभल सदर के सरथल चौकी इलाके में मिला है। बताया जा रहा है कि यह कुंआ हिंदू आबादी में मिला में मिला है। नगर पालिका की टीम कूप के ऊपर से मिट्टी हटाने का कार्य कर रही है। मिट्टी हटाने के बाद कूप की खुदाई का कार्य होगा। यहां पर मलबा पड़ा हुआ है। जिसके बारे में लोगों ने दावा किया है कि इसके नीचे मंदिर हो सकता है। कुछ लोगों का दावा है कि यहां पर मंदिर के अवशेष भी नजर आ रहे हैं।

## कांग्रेस के सम्मेलन से सोनिया और प्रियंका रह सकती हैं नदारद

### सोनिया खराब स्वास्थ्य के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सकती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस पार्टी बड़ी बैठक कर रही है। दरअसल, साल 1924 में बेलगावी में ही कांग्रेस का अहम अधिवेशन हुआ था जिसमें महात्मा गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था। इस सम्मेलन की शताब्दी यानी कि 100 साल पूरे होने के बाद एक बार फिर से कांग्रेस ने बेलगावी में पार्टी की कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया है। इस बैठक में कांग्रेस पार्टी के तमाम दिग्गज नेताओं के भाग लेने की संभावना है। हालांकि, अब खबर ये आई है कि कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी इस बैठक में नदारद रह सकती हैं। आइए जानते हैं इसका कारण।

सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा बेलगावी में पार्टी की बैठक में शामिल नहीं भी हो सकती हैं। दरअसल, सोनिया गांधी खराब स्वास्थ्य के कारण बेलगावी में पार्टी की सीडब्लूसी बैठक में शामिल नहीं हो सकती हैं। उनके साथ प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद हैं। अगर सोनिया गांधी की तबीयत में सुधार नहीं होती है तो प्रियंका गांधी वाड्रा भी सीडब्लूसी बैठक में शामिल नहीं हो सकती हैं।



कर्नाटक के बेलगावी में पार्टी की बैठक में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा उनके आदर्शों को स्मरण किया गया। इसके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर पर दिए गए बयान समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई है। कांग्रेस ने इस कार्य समिति की बैठक को 'नव सत्याग्रह बैठक' नाम दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकारेजुन खरगे ने ध्वजारोहण किया और इसके बाद बैठक की शुरुआत हुई।

दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पार्टी पर बेलगावी में भारत के अपमान का आरोप लगाया है। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस द्वारा लगाए गए पोस्टर पर भारत के मानचित्र को कथित रूप से गलत तरीके से प्रदर्शित किया गया है।

## केजरीवाल और आतिशी के खिलाफ हो कार्रवाई

### कांग्रेस नेता ने एलजी से की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव का समय धीरे-धीरे सामने आने के साथ ही कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक दूसरे पर जमकर हमलावर हो गई है। अब नई दिल्ली सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलकर उन्हें तीन शिकायतें दी हैं। संदीप दीक्षित ने आम आदमी पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत हो रहे रजिस्ट्रेशन पर अखबारों में दिल्ली सरकार द्वारा दिए गए विज्ञापन का हवाला देते हुए आम आदमी पार्टी पर महिलाओं के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

**420 के तहत कार्रवाई की मांग:** कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने दिल्ली पुलिस से मांग की है कि इस पर तुरंत रोक लगाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने इस मामले में आम आदमी पार्टी के खिलाफ एक हाई लेवल जांच की मांग की है। उन्होंने इसके साथ ही मांग की है कि अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ धारा 420 के तहत कार्रवाई की जाए।



संदीप दीक्षित द्वारा एलजी को दी गई दूसरी लिखित शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पंजाब पुलिस उनकी जासूसी कर रही है। उन्होंने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके घर के बाहर पंजाब पुलिस के जवान देखे गए है और इस बात की पुष्टि पंजाब पुलिस में उनके सूत्रों ने भी की है। हालांकि संदीप ने कहा है वो इस तरह की गतिविधि से डरने वाले नहीं है। संदीप दीक्षित द्वारा दी गई तीसरी शिकायत में पंजाब सरकार पर पुलिस वाहनों के जरिए दिल्ली में अवैध तरीके से पैसा भेजने का आरोप लगाया गया है। संदीप दीक्षित ने अपनी चिट्ठी में लिखा है कि कुछ अधिकारियों द्वारा उन्हें यह जानकारी मिली जिसकी पुष्टि पंजाब पुलिस में मौजूद उनके सूत्रों ने भी की है। उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल से पंजाब और हरियाणा और राजस्थान के डीजीपी को इसकी जानकारी देने का अनुरोध किया है। उन्होंने इन राज्यों से दिल्ली के सीमा में घुस रहे सभी वाहनों की चेकिंग का अनुरोध किया है।

## 'रघुपति राघव राजा राम' गाने पर हुआ हंगामा

### बीजेपी के कार्यक्रम में हंगामा, गायिका ने मांगी माफी, लालू यादव भड़के

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** बिहार में भाजपा के कार्यक्रम से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां कार्यक्रम में %ईश्वर-अल्लह तेरो नाम% गाने को लेकर विवाद हो गया है। दरअसल, 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर पटना में भाजपा के द्वारा ब?ा कार्यक्रम किया गया था। इस कार्यक्रम का नाम %मैं अटल रहूंगा% रखा गया था। इस कार्यक्रम में भोजपुरी गायिका देवी को बुलाया गया था। हालांकि, कार्यक्रम में देवी के एक गाने को लेकर भारी बवाल हो गया।

जब देवी ने इस कार्यक्रम में महात्मा गांधी के भजन %रघुपति राघव राजा राम-पतित पावन सीता राम% सबको सम्मति दे भगवान को गाना शुरू किया तो बीजेपी के लोगों ने बवाल शुरू कर दिया। भाजपा के लोगों द्वारा हंगामा करने के बाद देवी को



वहां माफी मांगनी पड़ी। इस मामले पर गायिका देवी ने कहा कि निश्चित तौर पर मुझे माफी मांगनी पड़ी लेकिन हमारा मानना है कि हिंदू, मुसलमान, सिख, इसाई सब एक हैं और कहीं ना कहीं महात्मा गांधी का यह जो भजन है यह इसी को दर्शाता है।

भोजपुरी गायिका देवी ने कहा कि हमारे बीच एकता होनी चाहिए। अगर मुसलमान हिंदुओं के साथ गलत कर रहे हैं तो इसका मतलब ये नहीं है कि हिंदुओं को भी ऐसा ही करना चाहिए। देवी ने कहा कि हमें मानवता को अपनाना चाहिए। मानवता सबसे बड़ी होती है। मेरी जो भावना है कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है और मैं उसी को मानती हूं। यहां बहुत ऐसे लोग आए थे जिन्हें अल्लह के नाम से कुछ दुख पहुंचा है। उन्होंने पूरी लाइन नहीं सुनी जो कि ईश्वर अल्लह थी। भगवान को कईनाम दिए गए हैं। कोई गॉड, कोई राम और कोई अल्लह बोलता है। लेकिन सबका उद्देश्य भगवान ही है। देवी ने कहा कि कुछ लोगों को बुरा लगा वो सभी मेरे फैन्स ही हैं। लेकिन कई बार आपकी छोटी सी बात लोंगों को बुरी लग जाती है। अगर किसी को बुरा लगा है तो मैं उसके लिए माफी चाहती हूं। लेकिन मैं अपने सभी लोगों को कहना चाहती हूं कि आप सभी को मानवता का धर्म अपनाना चाहिए।

इस घटना को लेकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भाजपा पर तीखा प्रहार किया है। लालू यादव ने कहा- ÷पटना में कल गायिका ने जब गांधी जी का भजन %रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम% गाया तो नीतीश कुमार के साथी भाजपाइयों ने हंगामा खड़ा कर दिया। भजन से ओछी समझ के टुच्चे लोगों की भावनाएं आहत हो गयी।

## महाराष्ट्र के सभी मंदिरों में एकसाथ होगी सामूहिक आरती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र मंदिर न्यास परिषद ने हिंदू समाज को एकजूट करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के सभी मंदिरों में एक दिन सामूहिक आरती की जाएगी। हफ्ते में एक दिन तय किया जाएगा, जिस दिन राज्य के सभी मंदिरों में आरती होगी। शिरडी में महाराष्ट्र मंदिर न्यास परिषद की तीसरी राज्यव्यापी बैठक के दौरान परिषद में सामूहिक आरती करने के प्रस्ताव को एकमत से पास किया गया। इस बैठक में महाराष्ट्र के 750 प्रमुख मंदिरों के 1 हजार से ज्यादा प्रतिनिधी मौजूद रहे। इस



बैठक में तय किया गया कि राज्य के सभी मंदिरों में अब जल्द सामूहिक आरती शुरु की जाएगी। इस बैठक में हिंदू समाज को एकजूट करने, हिंदू मंदिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त करने सहित कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। शिरडी में हुई बैठक में लिए गए फैसले पर अमल अगले सप्ताह से दिख सकता है। विभिन्न मंदिर प्रबंधन के न्यासियों से अपील कर उनसे हर सप्ताह सामूहिक आरती करने का निवेदन किया गया है। शिरडी न्यास मंदिर ट्रस्टियों ने मंदिर की हड़पी गई जमीन को लेकर राज्य सरकार से कानून बनाने की मांग की है। मंदिर की हड़पी गई जमीन में वक्फ बोर्ड की संपत्ति भी शामिल है।



## अन्नामलाई ने ली ये 'भीष्म प्रतिज्ञा', खुद को कोड़े से भी मारेंगे

**कोयम्बटूर (एजेंसी)।** तमिलनाडु के कोयम्बटूर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने एक बेहद चुनौती भरा प्रण लिया है। अन्नामलाई ने 'भीष्म प्रतिज्ञा' लेते

### ● डीएमके को सत्ता से हटाने के लिए लिया चुनौती भरा प्रण

हुए ऐलान किया कि जब तक वह डीएमके को सत्ता से बाहर नहीं कर देते तब तक वह अपने पैरों में चप्पल या जूते नहीं पहनेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अन्ना यूनिवर्सिटी की एक छात्रा के यौन शोषण को हैंडल किए जाने के तरीके के विरोध में खुद को अपने घर के सामने 6 बार



कोड़े से भी मारेंगे। बता दें कि अन्ना यूनिवर्सिटी की एक छात्रा के यौन शोषण के आरोप में एक बिरयानी विक्रेता को गिरफ्तार किया गया है।

तमिलनाडु में 2026 में अगले विधानसभा चुनाव होने हैं और अन्नामलाई डीएमको को सूबे की सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सत्तारुढ़ डीएमके और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर हमले तेज कर दिए हैं। अन्नामलाई ने आरोप लगाया कि पुलिस ने इस मामले में पीड़िता का नाम, फोन नंबर और अन्य व्यक्तिगत जानकारी को सार्वजनिक कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता किसी सार्वजनिक जगह पर विरोध प्रदर्शन करते हैं तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर लेती है, इसीलिए अब बीजेपी के लोग अपने घरों के बाहर ही विरोध प्रदर्शन करेंगे।

अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाली छात्रा ने अपनी शिकायत में कहा कि जब वह 23 दिसंबर 2024 को रात लगभग 8 बजे कॉलेज परिसर में एक इमारत के पीछे अपने पुरुष मित्र से बात कर रही थी तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें धमकाया। छात्रा ने अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। वहीं, पुलिस ने बताया, 'जांच के दौरान वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर कोट्टूर के ज्ञानशेखरण को गिरफ्तार किया गया है। संदिग्ध ने अपना इकबालिया बयान दिया है। वह फुटपाथ पर बिरयानी की दुकान लगाता है।' पुलिस ने कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि क्या उसने और भी अपराध किए हैं।

# हर पंचायत में पैक्स, सभी को रोजगार एवं सुव्यवस्थित सहकारी आंदोलन ही हमारा लक्ष्य-मंत्री सारंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि हर पंचायत में पैक्स, सभी को रोजगार और सुव्यवस्थित सहकारी आंदोलन ही हमारा लक्ष्य है। सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिये इसका विस्तार पंचायत स्तर पर करना होगा। सहकारिता के हर एक मूल भाव को आत्मसात करते हुए देश को समृद्ध बनाना ही हमारा लक्ष्य है। पैक्स के माध्यम से हर पंचायत तक रोजगार सृजित हो, इसके लिये बहुउद्देश्यीय पैक्स की अवधारणा गठित की गयी है। मंत्री श्री सारंग बुधवार को भोपाल के समन्वय भवन में आयोजित सहकार से समृद्धि राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के पूर्व नई दिल्ली में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने 10 हजार नवगठित बहुउद्देश्यीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम से सभी प्रदेशों के सहकारिता विभाग के अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।



मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। समृद्ध राष्ट्र के लिये समाज को जोड़ने की जरूरत है और समाज को जोड़ने का केवल एक ही प्रकल्प है, सहकारिता। समाज का निर्माण सहकारिता के माध्यम से ही होता है। सभी की भागीदारी के साथ लक्ष्य को साधने का नाम ही सहकारिता है। परिवार सहकारिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। रोजमर्रा की जिंदगी में भी सहकारिता के बिना कुछ नहीं हो सकता। सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि भागीदारी और बराबरी होने से अच्छे परिणाम निकलने का प्रतिशत बढ़ जाता है। सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने के लिये सभी वर्ग को जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हर पंचायत में पैक्स का लक्ष्य पूर्ण करने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। पैक्स के माध्यम से रोजगार सृजित हों और सदस्यों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पैक्स पशुपालन, मत्स्य-पालन और ऋण वितरण तक ही सीमित पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसी भी चलाये, जिसके पास जगह हो वह शादी हॉल, मैरिज गार्डन भी बनायें।

## खाद्य प्रतिष्ठानों / खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य लायसेंस लेना अनिवार्य

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान यह संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर सहित आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित फार्म हाउस, विला, रिसोर्ट के गार्डन क्षेत्र एवं स्वीमिंग पूल के आसपास स्वयं अथवा निजी केटरिंग के माध्यम से खाद्य पदार्थों का निर्माण, विनिर्माण, भण्डारण, विक्रय, परिवहन, प्रसंस्करण, वितरण आदि किया जा रहा है, जो कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम अंतर्गत दण्डनीय है। विशेषकर विवाह, जन्मदिन, पार्टी, नववर्ष के दौरान फार्म हाउस, रिसोर्ट, होटल, ढाबा आदि स्थलों पर इस तरह के आयोजन बिना खाद्य लायसेंस / रजिस्ट्रेशन के किये जाते है। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन श्री देवेन्द्र कुमार वर्मा ने सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने आवंटित क्षेत्रों में संचालित फार्म हाउस, विला, रिसोर्ट के गार्डन क्षेत्र एवं स्वीमिंग पूल आदि क्षेत्रों का सघन निरीक्षण करें तथा अधिनियम में प्रावधानित नियमों का पालन नहीं करने वाले ऐसे प्रतिष्ठानों को सील कर अधिनियम अंतर्गत प्रकरण सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 विनियम, 2011 की धारा अंतर्गत प्रावधानित खाद्य कारबारा का अनुज्ञापन एवं रजिस्ट्रीकरण विनियम, 2011 अनुसार खाद्य पदार्थों के निर्माण, विनिर्माण, भण्डारण, विक्रय, परिवहन, प्रसंस्करण, वितरण करने वाले समस्त खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वाले खाद्य प्रतिष्ठानों/खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य लायसेंस / रजिस्ट्रेशन लिया जाना अनिवार्य है।

## नव नियुक्त उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव ने कार्यभार गृहण किया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** श्रीयुक्त श्रीनिवास राव ने भोपाल में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय पहुंचकर उपाध्यक्ष का पदभार गृहण किया। मूलत: अकादमिक पृष्ठभूमि से आने वाले श्री राव सदैव शैक्षणिक दायित्वों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने पिछले 20 वर्षों में अपने अध्यापन कार्य से अनेक विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता अर्जित करने में मार्गदर्शन दिया है। कार्यभार गृहण करने के बाद श्रीयुक्त श्रीनिवास राव ने कहा कि वे टीम भावना के साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल में पारदर्शिता के साथ परीक्षा व्यवस्थाओं का संचालन सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं में तनावरहित वातावरण प्रदान करने से विद्यार्थी परीक्षाओं में पूरी क्षमता के साथ शामिल हो सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव श्री के.डी. त्रिपाठी ने मंडल की गतिविधियों की जानकारी दी।

## मध्य प्रदेश के कर्मचारी डीए-डीआर में 3 प्रतिशत पीछे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** केंद्रीय कर्मचारियों की तुलना में मध्य प्रदेश के कर्मचारी डीए (महंगाई भत्ता) एवं पेंशनर डीआर (महंगाई राहत) में पहले से ही 3त्न पीछे चल रहे हैं। जनवरी में केंद्रीय कर्मचारियों के डीए-डीआर में फिर वृद्धि होनी है। इसके बाद डीए-डीआर का अंतर और बढ़ जाएगा। ऐसे में मप्र के कर्मचारियों ने 3त्न डीए-डीआर तत्काल देने की मांग शुरू कर दी है। कर्मचारी कहते हैं कि राज्य सरकार केंद्रीय तिथि से डीए-डीआर देने का वादा हमेशा से करती रही है पर ऐसा होता कभी नहीं है। बता दें कि प्रदेश के कर्मचारियों को 3त्न डीए एवं डीआर जुलाई 2024 से मिलना है। केंद्र सरकार जनवरी से जून और जुलाई से दिसंबर के बीच महंगाई का आकलन कर डीए-डीआर की घोषणा करती है। इसके बाद राज्य सरकारें अपने कर्मचारियों को ये लाभ देती हैं। जनवरी 2024 में केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को 4त्न डीए-डीआर दिया था, जो मध्य प्रदेश सरकार ने अक्टूबर में दिया है। हालांकि इसे जनवरी से ही लागू किया गया है और 9 माह का एरियर दिया जा रहा है। उधर, केंद्र सरकार ने जुलाई 2024 में दिया जाने वाला डीए-डीआर अक्टूबर में दिया है। जिसकी घोषणा मप्र सरकार ने अभी तक नहीं की है।

## अब तक खरीदी गई 21 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 3 लाख 22 हजार 89 किसानों से 21 लाख 22 हजार 901 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान की खरीदी के लिये 1393 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। धान का उपार्जन 20 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है। धान की खरीदी जिला पन्ना में 58,454, दमोह 39,670, सागर 7459, शहडोल 1 लाख 1 हजार 43, अनूपपुर 46,208, 21 हजार 154, बालाघाट 2 लाख 75 हजार 776, मंडला 1 लाख, 9 हजार 759, नरसिंहपुर 45,363, सिवनी 1 लाख 13 हजार 95, जबलपुर एक लाख 60 हजार 922, डिंडोरी 17,699, छिंदवाड़ा 4719, भिण्ड 398, शिवपुरी 138, अलीराजपुर 47 और झाबुआ जिले में 17 मीट्रिक टन की जा चुकी है।

## भोपाल के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर टूटी मिली पटरी, तुरंत सुधारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर एक दुर्घटना होने से टल गई। यहां प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पटरी टूट गई थी। जिसे वेंडर ने देखा और वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। करीब 35 मिनट में इंजीनियरों की टीम ने पटरी सुधार दी। इसके बाद ट्रेनें गुजरने लगी। रेलवे के मुताबिक, गुरुवार सुबह 11.15 बजे प्लेटफॉर्म नं-2 के ट्रैक पर रेल फ्रैक्चर (पटरी टूटने) की घटना सामने आई। रेलवे वेंडर जितेंद्र ने इसे सबसे पहले देखा और तुरंत उप-स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) जावेद अंसारी को सूचित किया। अंसारी ने तत्काल स्टेशन प्रबंधक आरके मिश्रा और वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद इंजीनियरिंग टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। जिसने सुबह 11.50 बजे तक रेल फ्रैक्चर को ठीक कर दिया। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 की तरफ पॉर्सल ऑफिस के पास रेलवे ने नया गेट बनाया है। यहां से



यात्री अंदर आ-जा सकेंगे। बता दें कि स्टेशन के बाहर मेट्रो का काम चल रहा है। इसके चलते सड़क बंद की गई है और यात्रियों को गुजरने में परेशानी हो रही थी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया, यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे स्टेशन बिल्डिंग से पार्सल कार्यालय की ओर एक नया प्रवेश और निकास द्वार बनाया गया है।

## मध्यप्रदेश की बेटियों ने 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में जीते 4 पदक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप 2024 में मध्यप्रदेश की बेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। इस गौरवशाली उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 50 मीटर राइफल जूनियर महिला सिविलियन टीम, टीम सदस्य: योगेश्वरी बाईस, शरण्या लखन, खुशी सिंह ने गोल्ड, 50 मीटर राइफल जूनियर महिला ढ्ढस्स्न व्यक्तिगत नुपुर कुमरावत ने सिल्वर, 50 मीटर राइफल सीनियर महिला ढ्ढस्स्न टीम टीम सदस्य: आशी चौकसे, नुपुर कुमरावत, सुमन चौहान ने सिल्वर, 50 मीटर राइफल जूनियर महिला सिविलियन व्यक्तिगत योगेश्वरी बाईस ने




ब्रॉन्ज हासिल किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा, हमारी बेटियों ने देशभर में मध्य प्रदेश का परचम लहराया है। यह उपलब्धि प्रदेश के खेलों को नई दिशा देगी और अन्य खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। विजयी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को बधाई।

## जनपद बैरसिया, फंदा सहित नगरीय क्षेत्रों में जनकल्याण शिविरों का किया गया आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल जिले में 11 दिसंबर से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत बैरसिया की ग्राम पंचायत तरावली खुर्द, ग्राम पंचायत जमुसरकला एवं कढैया खुर्द (कनेरा) में आयोजित? शिविर में बैरसिया विधायक श्री विष्णु खत्री द्वारा 56 लाख से अधिक लागत के उप स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन किया साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से भी लाभांवित किया गया।

इसी के साथ फंदा जनपद एवं नगर निगम भोपाल के वार्ड क्रमांक- 11,



19,32,37,44,53,75, 80 में भी जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया।

जनकल्याण शिविरों का लक्ष्य शासन की योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाना है। जनकल्याण शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन 26 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। शुक्रवार 27 दिसम्बर को कालापानी, गोल, अमरावदकला, शोभापुर, सुरईया नगर, पिपलियारानी, बंगरसिया, 28 दिसम्बर शनिवार झागरियाखुर्द, पडरियाजाट, बगरोदा, अमझरा, जमुनियाकला, नरोन्हासांकल, बिरखिरिया कलां, पडरियासांकल, कोलुआखुर्द, छावनी पठार, आदमखुर छावनी, 29 दिसम्बर रविवार को मुगालियाकोट, सूखीसेवनियां, बरखेड़ी अब्दुल्ला, डोब, बालमपुर, प्रेमपुरा अमोनी एवं 30 दिसम्बर सोमवार देवलखेड़ी, पिपलिया बाजखां, इमलिया, चौपड़ाकला,पिपलियाजाहिरपीर, सेवनिया ओंमकारा, अरेडी, कान्हासैया, खरामखेड़ा में शिविरों का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को लाभांवित किया जायेगा।

## अटल जी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी- कुलगुरु डेहरिया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशती एवं विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के मुख्य आयुक्त श्री उमाशंकर पचौरी एवं विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के लोकपाल डॉ. हरेंद्र मोहन मिश्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. खेमसिंह डहेरिया ने की। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. खेमसिंह डहेरिया ने अपने वक्तव्य में अटल जी के संपूर्ण जीवन व चिंतन पर दृष्टि डालते हुए कहा कि अटल जी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। हमारा विश्वविद्यालय प्रारंभ से ही उनकी दिखाई गई राह में चल कर नित उन्नति की ओर जा रहा है । हम अटल जी के नाम को सार्थक करने के लिए पूर्णत: प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के संकाय अध्यक्ष ने कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन एक महामानव का जीवन है। उन्होंने भारत को एक नई दृष्टि दी। डॉ. हरेन्द्र मोहन मिश्र लोकपाल, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय ने कहा कि मैं अटल जी के से अपने विद्यार्थी जीवन से ही प्रभावित रहा और जब मैं 19 साल का था तब उनसे पहली बार मेरा साक्षात्कार हुआ। वो एक भविष्यवक्ता और भारतदृष्टा थे। श्री उमाशंकर पचौरी मुख्य सूचना आयुक्त म.प्र. शासन ने अपने वक्तव्य में अटल जी को कर्मवादी की संज्ञा देते हुए कहा कि अटल जी कर्मवादी थे। उनके जीवन में कर्म ही प्रधान रहा।

## भोजपुर रोड के 6 किमी में 200 पेड़ कटना शुरू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल की 11 मील से बंगरसिया तक (भोजपुर रोड) 6 किमी सड़क 50 करोड़ रुपए से टू-लेन से फोर-लेन में बदलेगी। इससे पहले 200 पेड़ काटे जा रहे हैं। इनमें से ज्यादातर पेड़ यूकेलिप्टस के हैं। पेड़ों की कटाई का काम शुरू हो चुका है। पीडब्ल्यूडी अफसरों के मुताबिक, जनवरी में सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा और अगले डेढ़ साल में भोजपुर रोड की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। यह सड़क प्रदेश में एक मॉडल बनेगी। इस सड़क में एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। इसका मतलब है कि मौजूदा सड़क के मटेरियल को रीयूज किया जाएगा।

वर्तमान में 11 मील से बंगरसिया तक की सड़क की हालत काफी खराब है। यह सड़क धार्मिक नगरी भोजपुर



को जोड़ती है। हर रोज हजारों लोग इस खराब सड़क से गुजरने के कारण परेशान होते हैं। भोजपुर में दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग है। यहां हर साल भोजपुर महोत्सव आयोजित होता है, जिसमें देश-विदेश के कवि, साहित्यकार और टीवी-फिल्म कलाकार शामिल होते हैं। हालांकि, 6 किमी लंबी सड़क के गड्ढे उन्हें परेशान कर देते हैं। यही समस्या श्रद्धालुओं के साथ भी होती है। 11 मील से बंगरसिया तक सड़क बनने से रायसेन, विदिशा, बैतूल समेत कई जिलों के लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी। पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय मस्के ने बताया कि भोपाल के 11 मील से बंगरसिया तक फोर-लेन सड़क बना रहे हैं। इसमें नई एफडीआर तकनीक का उपयोग किया जाएगा। सड़क तोड़ने से जो भी मटेरियल निकलेगा, उसे रीयूज किया जाएगा। यह प्रदेश में एक मॉडल रोड बनेगी। पेड़ काटने का काम शुरू हो गया है। जैसे ही यह काम पूरा होगा, सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

6 किलोमीटर में करीब 200 पेड़ काटे जा रहे हैं, जिनमें ज्यादातर यूकेलिप्टस के पेड़ हैं। बदले में पीडब्ल्यूडी ने वन विभाग को 80 लाख रुपए चुकाए हैं। करीब एक साल से अनुमति नहीं मिलने के कारण मामला अटका हुआ था, लेकिन दिसंबर में अनुमति मिलने के बाद काम शुरू कर दिया गया है।

## हिंदी भवन में शरद व्याख्यानमाला एवं सम्मान समारोह संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भारत के पास अपना चिंतन और दर्शन है। कई सालों तक षडयंत्रपूर्वक भारत को अशिक्षित बताया जाता रहा। लेकिन सोचने वाली बात है कि यदि भारत अशिक्षित देश था तो यहां नालंदा जैसा विश्वविद्यालय और पुस्तकालय कैसे था। प्रकृति की रक्षा का भाव इस देश में कैसे पैदा हुआ? इन सब बातों को केंद्र में रखते हुए हमें हमारे गौरवशाली अतीत को दुनिया के सामने लाना चाहिए।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदरसिंह परमार बुधवार को हिंदी भवन में आयोजित शरद व्याख्यानमाला और सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। म.प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के इस वार्षिक आयोजन में सामयिक विषयों पर व्याख्यान के साथ ही आठ विभूतियों को राष्ट्रीय सम्मान भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानस भवन के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा



ने की। व्याख्यान माला के अंतर्गत प्रो. शरद सोनी ने 'वैश्विक संकट: सभ्यतागत संघर्ष की आहट' तथा प्रो. शंकरशरण ने 'भारतीयता का संस्कार देने की दिशा' विषय पर व्याख्यान दिये। मंत्री श्री परमार ने कहा कि हमें हमारी ज्ञान परंपरा की रक्षा के साथ सीमाओं की रक्षा भी करनी चाहिए। हमारी संस्कृति पर हमले करने वाले सीमा पार कर ही आये थे। मानस भवन के कार्यकारी अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आज 25 दिसंबर का दिन है,यह भारत के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी तथा मदनमोहन मालवीय का जन्म दिवस है। इस दिन के साथ मीठी स्मृतियों के साथ ही कुछ खट्टी यादें भी हैं। समिति के मंत्री संचालक श्री कैलाशचंद्र पंत ने कहा कि समाज में विमर्श का वातावरण बने इसके लिए समिति द्वारा विभिन्न व्याख्यान मालाएं आयोजित की जाती हैं। शरद व्याख्यान माला उन्हीं में से एक है। इसमें साहित्येतर विषयों पर वक्तव्य होते हैं। इसके पूर्व समिति के सहमंत्री डॉ. संजय सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत् किया। सरस्वती वंदना राजकुमारी शर्मा ने प्रस्तुत की। संचालन साहित्यकार डॉ. अनिता सक्सेना ने किया तथा आभार प्रदर्शन रंजना अरगड़े ने किया। नरेश मेहता स्मृति वांग्मय सम्मान से सुप्रसिद्ध लेखक प्रमोद भार्गव, वीरेन्द्र तिवारी रचनात्मक सम्मान शिशिर कुमार चौधरी, बैतूल, शैलेश मटियानी कथा सम्मान शीला मिश्रा, भोपाल, सुरेशचन्द्र शुक्ल 'चन्द्र' नाट्य सम्मान जयंत शंकर देशमुख, मुंबई,डॉ. प्रभाकर श्रोत्रिय स्मृति आलोचना सम्मान के. वनजा, कोच्ची, शंकरशरण लाल बत्ता पौराणिक सम्मान मोहन तिवारी आनंद, भोपाल, संतोष बत्ता स्मृति सम्मान इंदिरा दाँगी, भोपाल, संतोष श्रीवास्तव कथा सम्मान प्रभा पंत, हल्द्वानी को प्रदान किया गया। प्रभा पंत के अनुपस्थित रहने की दशा में उनकी बेटी ने सम्मान प्राप्त किया। सम्मानित रचनाकारों को नगद राशि शॉल, श्रीफल प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

# 70 फीट ऊंचे टावर से गिरे मजदूर, 4 की मौत

## हाईटेंशन लाइन का काम कर रहे थे, 5 गंभीर रूप से घायल







**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले की तहसील रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम आमडाड 43 ग्राम पंचायत पटेहरा में रीवा सीधी रेलवे लाइन से प्रभावित 400 केवी जेपी निगरी सतना ट्रांसमिशन लाइन के टॉवर डायवर्जन का कार्य पावर ट्रेक इंफ्रा पश्चिम बंगाल कंपनी द्वारा कराया जा रहा था। ट्रांसमिशन लाइन के दो टॉवर शिफ्ट करते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटना की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित राहत एवं बचाव कार्य किया गया। दुर्घटना में 3 श्रमिकों की मृत्यु हो गई तथा 5 मजदूर घायल हुए हैं। सभी श्रमिक पश्चिम बंगाल के हैं। गंभीर स्थिति के कारण 2 श्रमिकों को रीवा मेडिकल कालेज रेफर किया गया है जबकि 3 का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों से मुलाकात की।

कलेक्टर सोमवंशी ने घायलों को समुचित चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों तथा घायलों के मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान के प्रकरण प्रेषित किए जा रहे हैं। आवश्यकतानुसार रेडक्रॉस से आवश्यक आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जावेगी। मौके पर उपस्थित जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर सतना के अधिकारियों ने बताया कि सभी श्रमिकों का इंश्योरेन्स है तथा उन्हें त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी तत्कालिक रूप से 3-3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है।

सीधी में हाईटेंशन लाइन का 70 फीट ऊंचा टावर टूटने से 2 भाइयों समेत 4 लोगों की मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर 12.30 बजे की है। टावर के ऊपर काम रहे 9 मजदूर अचानक नीचे गिर गए। 5 गंभीर घायलों को रीवा जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सीधी जिले के जेपी नगरी पावर प्लांट से सतना तक बिजली लाइन डाली जा रही है। रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के पटेहरा गांव में इसका काम चल रहा था। इसी दौरान ये हादसा हो गया।

**मरने वाले दोनों भाई पश्चिम बंगाल के रहने वाले:** हादसे में जान गंवाने वाले दोनों सगे भाइयों के साथ तीन अन्य घायल पश्चिम बंगाल के हापुड़ जिले के रहने वाले हैं। रामपुर नैकिन थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि हादसा किस वजह से हुआ इसकी जांच की जा रही हैं।

**हादसे में इनकी गई जान:** हादसे में एसके मुबारत और अजमेर शेख की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल एसके साहब, सिंटू मोबीन, एमारल शेख, एसके दिलदार, एसके दिलबर, एसके माफन और एसके हमीदुल को रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इनमें से दो और लोगों की रास्ते में मौत हो गई। हालांकि मृतकों ने नाम अभी सामने नहीं आ सके।

## उद्यानकी विभाग के अधिकारी लगाई फांसी

### दोस्त ने फंदे से उतारकर बचाई जान, पीएम के कार्यक्रम में ड्यूटी से लौटा था



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में गुरुवार को बक्सवाहा उद्यानकी विभाग के अधिकारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। इस दौरान मौके पर मौजूद अधिकारी के दोस्त से फंदे से उतारकर उसकी जान बचाई। अधिकारी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, धार निवासी आलोक चौहान (29) बुधवार शाम को प्रधानमंत्री के एक कार्यक्रम में खजुराहो से ड्यूटी के बाद नौगांव रोड पर अपने स्टाफ मित्र शैलेंद्र यादव के घर रुक गया था। उसी के मकान में सुबह करीब 9 बजे आलोक ने आत्महत्या करने की कोशिश की। तभी मौके पर उसके दोस्त शैलेंद्र ने आकर आलोक को फांसी से उतारा और अपनी पर्सनल गाड़ी में अस्पताल ले गया। दोस्त शैलेंद्र के मुताबिक आलोक ने डिप्रेशन के चलते आत्महत्या करने की कोशिश की थी। वहीं, ओरछा थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि इस मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उपसंचालक उद्यानिकी विभाग जगदीश सिंह ने बताया कि आलोक चौहान बक्सवाहा मैं प्रभारी अधिकारी है, जो हाल फिलहाल बक्सवाहा में ही रहता है। पुलिस जांच के बाद ही घटना का सही से पता चल पाएगा। इस दौरान अस्पताल में डॉ अरविंद सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति के साथ उसे इलाज के लिए लाए थे। व्यक्ति के गले पर फांसी लगाने के निशान है। उसका इलाज अभी चल रहा है।

## भाजपा का जिला अध्यक्ष के लिए रायसुमारी

### दर्जन भर कार्यकर्ताओं ने पेश की दावेदारी, भोपाल से आए पर्यवेक्षक



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के भाजपा कार्यालय में आज दोपहर से जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी और रायसुमारी का दौर शुरू हुआ। पार्टी द्वारा शशांक श्रीवास्तव जो चुनाव अधिकारी हैं। इसके अलावा रामलाल रौतेल जो पर्यवेक्षक बनाकर सिंगरौली पहुंचे हैं। उनके सामने भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों ने अपनी-अपनी बात रखी और रायशुमारी का दौर शुरू हुआ। जिले भर के भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने नेता को जिला अध्यक्ष बनने के लिए भाजपा कार्यालय पहुंचे थे।

यहां पर भाजपा जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने बताया की सभी कार्यकर्ताओं का अधिकार है कि वह न सिर्फ जिला अध्यक्ष पद के लिए दावेदार बने बल्कि उन्हें पूरा अधिकार है कि वह अपना समर्थन और अपनी राय पार्टी पदाधिकारी और चुनाव अधिकारियों के सामने रखें। इसी के चलते सुबह से यहां कार्यकर्ताओं की भीड़ है। जिले में आए हुए निर्वाचन पर्यवेक्षक को निर्वाचन अधिकारी वन टू वन कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं।

## प्रभारी मंत्री प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत ई-संपत्ति कार्ड का वितरण करेंगे



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला सत्कार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल 27 दिसम्बर को सीधी आयेंगे। प्रभारी मंत्री 27 दिसम्बर को सुबह 11.30 बजे सर्किट हाउस सीधी पहुंचेगे तथा दोपहर 12 बजे एन.आई.सी वीडियों कांफ्रेंसिंग में सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत ई-संपत्ति कार्ड का वितरण एवं लाभार्थियों से संक्षिप्त वार्तालाप करेंगे। इसके पश्चात किसान कल्याण एवं कृषि विकास, पशुपालन एवं डेयरी तथा राजस्व विभाग के नव नियुक्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

प्रभारी मंत्री का दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस में समय आरक्षित रहेगा। इसके पश्चात सीधी में अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। वह सायं 4 बजे सीधी से बिजुरी जिला अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# चला प्रशासन का बुलडोजर, खाली करवाई गई एनटीपीसी की जमीन





**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के विंध्यनगर इलाके में आज तहसीलदार की मौजूदगी में एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी जमीन पर काबिज अवैध कब्जे धारियों को बलपूर्वक हटा दिया। तहसीलदार रमेश कोल ने बताया कि एनटीपीसी की इस जमीन पर अवैध रूप से दर्जन भर से ज्यादा लोगों ने कब्जा कर लिया था।

कई बार नोटिस देने के बावजूद इन अतिक्रमणकारियों ने अपना कब्जा नहीं हटाया। जिसके बाद एनटीपीसी ने आज प्रशासन से सहयोग लेकर अपनी जमीन को कब्जा मुक्त करवा लिया है।

एनटीपीसी के एजीएम कुंदन किशोर का कहना है कि पांच बार इन अतिक्रमणकारियों को नोटिस दी गई थी। बावजूद इसके यह लोग नहीं हटा रहे थे। यहां पर न सिर्फ जमीन पर इन लोगों ने कब्जा किया था बल्कि अवैध गतिविधियां संचालित कर रहे थे।

असल में लेबर गेट के ठीक सामने एक एकड़ से ज्यादा भूमि खाली पड़ी हुई थी। जिस पर अतिक्रमण हो गया था। एनटीपीसी इस भूमि को अपने उपयोग में लेना चाहता है। आज अतिक्रमण की कार्रवाई की गई है।

इस दौरान कई लोगों ने यह भी कहा कि वह एनटीपीसी के विस्थापित हैं और उन्हें कहीं कोई रोजगार नहीं मिला।

इस वजह से उन्होंने अपने लिए रोजगार यहां बनाया था। इनका कहना था कि यह एनटीपीसी की दादागिरी है वह प्रशासन के दम पर हमें हटा रहा है।

## 17 वर्षीय नाबालिग ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

### मिर्गी की बीमारी से थी पीड़ित, बागेश्वर धाम में झाड़-फूंक कराई थी




**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में 16 साल की नाबालिग ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। उसने मंगलवार की शाम को घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार रात उनकी हालत बिगड़ने पर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। गुरुवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जिला हॉस्पिटल चौकी पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद बॉडी को परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**बागेश्वर धाम में मिर्गी की झाड़-फूंक कराई थी:** जानकारी के मुताबिक मृतक गीता (17) पिता अंतू कुशवाहा निवासी ग्राम सादनी की रहने वाली थी। वह गांव के ही स्कूल में 8वीं क्लास में पढ़ाई कर रही थी। मां बेनी ने बताया कि कुछ समय से उसे मिर्गी आते थे। जिसके लिए परिवार के लोगों ने बागेश्वर धाम में झाड़ फूंक कराई थी, इसके बाद उसे आराम लग रहा था।

**हालत बिगड़ने पर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया:** मृतक की मां ने आगे बताया कि मंगलवार को परिवार के सभी लोग खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान छोटी लड़की ने जानकारी दी कि गीता की हालत ठीक नहीं है, उसे उल्टियां आ रही है। उसे इलाज के लिए जिला जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। बुधवार की रात उसकी हालत ज्यादा बिगड़ने लगी, जिसके बाद उसे छतरपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार की दोपहर उसकी मौत हो गई।

सटई थाना प्रभारी रूप नारायण पटेरिया ने बताया कि उन्हें इस मामले के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। आपके माध्यम से जानकारी मिली है, जल्द ही जांच करवाता हूं।

## संभाग स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय मड़वास की चंचल सेन को तृतीय स्थान



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा में आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा की संभाग स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय मड़वास जिला सीधी की छात्रा कुमारी चंचल सेन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आज इस टीम की मैनेजर डॉ. आकांक्षा मिश्रा थी। छात्रा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति ने प्रसन्नता व्यक्त की और छात्रा तथा टीम मैनेजर दोनो को शुभकामनाएं प्रेषित की। शासकीय महाविद्यालय मड़वास के भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल डॉ दीपक अग्निहोत्री ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने छात्रा को शुभकामनाएं दी।

## खेत का रास्ता रोकने से टोका तो सब्बल से पीटा

### एसपी के पास शिकायत लेकर पहुंचा परिवार, पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का लगया आरोप



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में गुरुवार दोपहर 3 बजे एक परिवार एसपी कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचा। परिवार का कहना है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की और पुलिस आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कुछ दिन पहले भी परिवार ने एसपी कार्यालय में मामले की शिकायत की थी। आज फिर परिवार शिकायत लेकर पहुंचा की आरोपी गांव में खुलेआम घुमते हैं और शिकायत वापस लेने और जान से मारने की धमकी देते हैं।

जानकारी के अनुसार खरदुती गांव के रहने वाले मोहन अहिरवार खेती का काम करते हैं। 19 दिसंबर को वो खेत में काम कर रहे थे, तभी उन्होंने देखा की गांव का ही एक व्यक्ति पजना अहिरवार खेत का रास्ता बंद कर रहा था। जब मोहन ने उसे मना किया तो आरोपी ने उनके सिर पर सब्बल से हमला कर दिया। बचाने पहुंचे परिवार पर भी पजना, दुर्जना, घनश्याम, प्रकाश, हलकई, घुरका सहित सात लोगों ने लोहे की रोड और डंडों से हमला किया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन देर रात शिकायत लेकर भगवा थाना पहुंचे, तो पुलिस ने मामूली धाराओं में शिकायत दर्ज करके घायलों को बड़ामलहरा अस्पताल भेज दिया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

# मवेशियों की तस्करी करते दो ट्रक जब्त

## पायलटिंग में लगी कार भी पकड़ाई, पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल में गुरुवार को पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मवेशियों से भरे दो ट्रकों को जब्त किया है। तस्करी में पायलटिंग करने वाली एक कार भी पकड़ी गई है। कार में सवार दो आरोपी समेत कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दो ट्रकों में लोड कुल 48 मवेशियों को मुक्त कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को केस दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि बुढार की ओर से दो ट्रक में मवेशी लोड ट्रक शहडोल से होकर गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर सोहागपुर थाना के पास हाइवे पर मवेशियों से लोड दोनों ट्रकों को रोका। वाहनों की जांच करने पर उसमें मवेशी लोड पाए गए। चालकों से मवेशियों के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज की मांग की गई। जिस पर चालकों ने मौके पर किसी भी प्रकार का दस्तावेज पुलिस के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया। पुलिस ने मवेशियों से लोड दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया। साथ ही एक अल्टो कार भी जब्त की गई। जिसमें दो लोग सवार थे। इस प्रकार ट्रक और कार में सवार कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उक्त ट्रकों में से एक ट्रक मवेशी विजयराघवगढ़ और दूसरे ट्रक में लोड मवेशी सतना ले जाया जाना था। उक्त मवेशी अनूपपुर जिले के कोतमा, लहसुई और लफदा से लोड किए गए थे।

इस कार्रवाई में यातायात उप पुलिस अधीक्षक मुकेश दीक्षित के अलावा सहायक उपनिरीक्षक रजनीश तिवारी, आरक्षक संजय उपाध्याय, पवन परमार और पायलट डाबी का योगदान रहा।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म. प्र.)**

क्रमांक 4737/न.पा.नि./राजस्व/2024-25 रीवा, दिनांक 24/12/2024

**अचल सम्पत्ति नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना क्रमांक-8 नेहरू नगर जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भूखण्ड क्रमांक 2/9/131 क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट श्रीमती रेखा त्रिपाठी पति स्व. श्री अजय त्रिपाठी को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, उक्त भूखण्ड को श्री सरोज सिंह पति श्री रंगबहादुर सिंह निवासी एच.आई.जी. 01 बाटर टेंक के पास बैक कॉलोनी मानस नगर रीवा (म.प्र.) के नाम नामांतरण किये जाने हेतु दिनांक 04.12.2024 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड क्रमांक 2/9/131 के नामांतरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात आवेदिका श्रीमती रेखा त्रिपाठी पति स्व. श्री अजय त्रिपाठी निवासी शक्ति नगर रीवा (म.प्र.)के आवेदन अनुसार भूखण्ड क्रमांक 2/9/131 का नामांतरण श्री सरोज सिंह पति श्री रंगबहादुर सिंह निवासी एच.आई.जी. 01 बाटर टेंक के पास बैक कॉलोनी मानस नगर रीवा (म.प्र.) के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी।

**उपायुक्त (राजस्व)**
**नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

# विचार

## तोड़ मरोड़कर की राजनीति भाजपा ने सिखाया


कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां भाजपा से निपटने के लिए उसी के हथियार आजमा रही है। अब तक भाजपा इन्फॉर्मेशन, मिसइन्फॉर्मेशन और डिसइन्फॉर्मेशन कैंपेन के जरिए राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं का शिकार करती थी। याद करें कैसे आलू से सोना बनाने वाली बात का राहुल गांधी के खिलाफ इस्तेमाल हुआ। राहुल गांधी ने असल में कहा था कि मोदीजी आएंगे तो कहेंगे कि इधर से आलू डालो उधर से सोना निकलेगा'। लेकिन इसका आधा हिस्सा काट दिया गया और प्रचारित किया गया कि राहुल गांधी आलू से सोना बनाने की बात कर रहे हैं। आजतक इसके लिए राहुल का मजाक बनाया जाता है। कई मंच से भाजपा के सर्वोच्च नेताओं ने इसका जिक्र किया, जबकि वे जानते थे कि यह गलत बात है। ऐसे ही याद करें कैसे अमित शाह ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच अखिलेश यादव के अपने पिता को थप्पड़ मारने की बात के झूठे प्रचार के बारे में बताया था। सबसे ताजा मामला यह है कि पिछले दिनों अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी से जब पूछा गया कि भारत में आरक्षण कब खत्म होगा तो उन्होंने कहा था कि भारत में जब असमानता खत्म हो जाएगी और आरक्षण की जरुरत नहीं रह जाएगी तब आरक्षण खत्म हो जाएगा। इतनी समझदारी भरी बात का भाजपा ने बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया। भाजपा ने राहुल गांधी को आरक्षण विरोधी होने की बात पर चुनाव में प्रचार किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद राहुल गांधी को इस बयान के आधार पर आरक्षण विरोधी ठहराया। कांग्रेस के नेता सफाई देते रहे और दावा करते रहे कि राहुल के बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है, लेकिन भाजपा ने अपने प्रचार तंत्र के दम पर बाजी मार ली। लेकिन अब कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा को उसी की दवा का स्वाद चखा दिया है। यह संभवतः पहली बार हो रहा है कि भाजपा के नंबर दो नेता अमित शाह को कहना पड़ रहा है कि उनके बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके भाषण के 10-12 सेकेंड का अंश काट कर उसे गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी सफाई में छह छह ट्विट करने पड़े। भाजपा का पूरा प्रचार तंत्र यह साबित करने में लगा है कि अमित शाह ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में कोई अपशब्द नहीं कहा है या कोई अपमानजनक बात नहीं कही है। यह सही भी है कि अमित शाह ने अंबेडकर के लिए कुछ भी अपमानजनक नहीं कहा है फिर भी वह घिरी है। यह गलत नैरेटिव बनाने का मामला है। लेकिन क्या भाजपा स्वीकार करेगी कि उसने आलू से सोना बनाने की बात का जो अभियान राहुल गांधी के खिलाफ चलाया या उनके बयान का गलत अर्थ निकाल कर उनको आरक्षण विरोधी बताने का जो प्रचार लोगों के बीच किया गया वह गलत है?

# एकता के अभाव में किसी भी समाज या राष्ट्र का उत्थान संदिग्ध

**चेतनादित्य आलोक**

**मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह जन्म, रिश्ते और रोजगार के अतिरिक्त भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक एवं अन्य कारणों से चाहे दुनिया के किसी भी कोने में, किसी भी देश का निवासी बनकर यों न रहता हो, उसका अपना एक समाज, अपनी एक अलग दुनिया होती है। इसी प्रकार, अलग-अलग जगहों पर रहते हुए मनुष्य की समस्याएं, दुविधाएं, आवश्यकताएं, आकांक्षाएं और उसके पास उपलध सुविधाएं भले ही अलग-अलग प्रकार की हों, परंतु एक बात सभी मनुष्यों के जीवन पर लागू होती है और वह है मानव एकता तथा एकजुटता के साथ उसका आगे बढ़ना।**



दरअसल, मानव जाति की एकता की जरूरत दुनिया को आरंभिक काल से ही रही है। हालांकि, मनुष्य जाति के लिए अपेक्षित एकता और एकजुटता कभी कायम नहीं हो पाई, जबकि यह सच है कि एकता और एकजुटता के अभाव में किसी भी समाज या राष्ट्र का उत्थान संदिग्ध होता है। जाहिर है कि मानव जाति की एकता और एकजुटता के साथ उसके आगे बढ़ने की इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए अपने-अपने स्तर पर दुनिया के तमाम देशों को गंभीर प्रयास करने ही होंगे। हालांकि, यह उतना भी आसान कार्य नहीं है कि सारे देश एक दूसरे के निकट आ जाएं और दुनिया में एकता एवं एकजुटता कायम करने के लिए अपनी-अपनी नीतियों में बदलाव कर लें, लेकिन समय की मांग यही है कि गुटबाजियों को छोड़ और खेमेबंदियों को तोड़ कर हर हाल में दुनिया के सभी देश एक दूसरे के निकट आएं और साथ-साथ चलने के लिए संकल्पबद्ध हों। यह तभी संभव होगा, जब सभी छोटे-बड़े देश अपनी जिद्द, लिप्सा, अपने मोह, लालच और संकुचित सोच को परे रख कर विश्वहित एवं मानवहित में सोचेंगे। देखा जाए तो क्षुद्र विचारों और संकुचित सोच में सिमटकर दुनिया और मानवता ने अपना बहुत नाश कराया है। इसलिए अब जरूरी है कि एकता और एकजुटता को 21वीं सदी के लिए एक आधार और प्रोत्साहन के रूप में स्वीकार करते हुए आगे बढ़ा जाए। हालांकि यह सच है कि वैश्वीकरण ने दुनिया भर के लोगों को आगे बढ़ने और विकास करने के अनेक अवसर प्रदान किए हैं, लेकिन इस वैश्वीकरण ने दो दुनियाओं के निर्माण की पटकथा लिखी। इनमें एक दुनिया ऐसी बनी, जिसमें केवल गरीब लोग रहते हैं, जहां दुरूख, संकट, परेशानियां, समस्याएं, शोषण और उत्पीड़न का साम्राज्य खूब फलता-फूलता है। वहीं, वैश्वीकरण ने इसके बिल्कुल पास ही में एक अलग दुनिया भी बनाई, जिसमें कदम-कदम पर अमीरी की दास्तानें लिखी होती है। जाहिर है कि वैश्वीकरण के कारण होने वाले विकास के लाभों और भारों का वितरण दुनिया भर के मानव समुदायों के बीच असमान रूप से हुआ। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि दुनिया भर में मनुष्यों की एक बड़ी संख्या विकास के मामले में अन्य लोगों से काफी पीछे रह गई। यह विडंबना नहीं तो और क्या है। बहरहाल, 21वीं सदी में मनुष्य की वास्तविक उन्नति और उत्थान को लेकर वैश्विक एकता और एकजुटता के लिए एक संयुक्त वैश्विक प्रयास करने की नितांत आवश्यकता है।

बता दें कि दुनिया में जहां कहीं भी जो लोग विकास की दौड़ में पीछे छूट गए हैं अथवा पीड़ित, शोषित, दुखी और परेशान हैं या कहा जाए कि व्यवस्था में जिन लोगों तक अब तक मदद सबसे कम या नहीं पहुंच पाई है, उन व्यक्तियों, समुदायों तक आज सहायता पहुंचाने की आवश्यकता है। वैसे, बेहतर तो यह होगा कि जिन्हें व्यवस्था से सबसे अधिक लाभ प्राप्त होता रहा है, वे ही उन तक सहयोग के अपने हाथ लेकर जाएं। जाहिर है कि यदि समर्थ लोग निर्धन और लाचार लोगों तक स्वयं अहयोग का हाथ लेकर जाएंगे तो इससे दोनों ही दुनियाओं के बीच आपसी प्रेम और सद्भाव तो बढ़ेगा ही, साथ ही, इससे साझी जिम्मेदारी की संस्कृति भी विकसित होगी और दुनिया में एकता और एकजुटता के कायम होने में आसानी भी होगी। देखा जाए तो एकता और एकजुटता के विराट महत्व को आत्मसात करते हुए हमारे पूर्वज ऋषि-मुनियों ने इसे बहुत महत्व दिया था। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में आरंभ से ही एकता और एकजुटता महान मानवीय गुण माने जाते रहे हैं। हालांकि, इसके लिए प्रमाण की जरूरत नहीं, फिर भी यदि दुनिया के इतिहास को उठाकर देखा जाए तो पता चलता है कि दुनिया में आज तक सभी महान कार्य मानव जाति की एकता एवं सहयोग से ही संभव हो पाए हैं। तात्पर्य यह कि महान एवं बड़े कार्यो को पूरा करने हेतु दुनिया में मानवीय एकता का होना परम आवश्यक है।

साथ ही, विभिन्न समस्याओं यथा- भुखमरी, निर्धनता, अशिक्षा, आतंकवाद, उग्रवाद, हिंसा, लूट, भ्रष्टाचार एवं अन्य तमाम समस्याओ का निराकरण भी एकल नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों से ही सफलतापूर्वक किया जा सकता है। इतना ही नहीं, विश्व भर में समावेशी विकास को अंजाम तक पहुंचाने, अनेकता में एकता के जीवन मूल्य को चरितार्थ करने, सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं एकता के महत्व को प्राप्त करने हेतु भी अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में भी एकता को महत्वपूर्ण मूल्य के रूप में परिभाषित किया जा चुका है। जाहिर है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवीय एकजुटता के आयोजन और प्रदर्शन से विविधता में एकता को बढ़ावा और इसकी उपयोगिता को सम्मान होगा। वैसे, देखा जाए तो एकजुटता का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना भी है कि न्याय के लिए परस्पर एक दूसरे की देखभाल और चिंता की जाए। मनुष्य के लिए आपस में एकजुटता प्रदर्शित करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि परस्पर एक दूसरे का सम्मान किया जाए और एक दूसरे की जरूरतों और परिस्थितियों से संबंधित बेहतर समझ पैदा की जाए। गौरतलब है कि परस्पर एक दूसरे से जुड़ी हमारी यह विस्तृत दुनिया एकत्व के भाव के साथ एक-दूसरे को ऊपर उठाने एवं मनुष्य की व्यक्तिगत सफलता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पूरे मानव समाज की समृद्धि के लिए समग्र रूप से प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है।

## 2047 तक विकसित भारत की दृष्टि साकार हो सके

कम-से-कम 1990 के बाद से रिजर्व बैंक की कमान पेशेवर गवर्नरों के हाथ में रही। कई बार सरकारों ने तब भी उसके दायरे में घुसपैठ की, फिर भी मोटे तौर पर रिजर्व बैंक अपनी स्वायत्तता जताने में सफल रहता था। अब ये कहानी बदल गई है। संजय मल्होत्रा लगातार दूसरे नौकरशाह हैं, जिन्हें भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाया गया है। उनकी नियुक्ति के एलान के संकेत मिल गया था कि केंद्र सरकार भविष्य में आरबीआई से कैसी भूमिका की अपेक्षा रखती है। मल्होत्रा ने इस प्रतिष्ठित संस्था का कमान संभालने के तुरंत बाद जो कहा, उससे यह भी जाहिर हो गया है नए गवर्नर किस रूप में अपनी भूमिका देखते हैं। मल्होत्रा ने कहा- %अब जबकि हम अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं, हमारी अर्थव्यवस्था जिस हाल में है, उसे और विसित होने की जरूरत है, ताकि 2047 तक विकसित भारत की दृष्टि साकार हो सके।' लाजिमी है कि ऐसे वक्तव्य आर्थिक से ज्यादा राजनीतिक रंग लिए दिखें। सेंट्रल बैंकों (जिसे भारत में रिजर्व बैंक कहा जाता है) की क्या भूमिका होना चाहिए, इस पर सोच अक्सर टकराती रही है। मजबूत सरकारें अक्सर उसे अपने एक विभाग के रूप में काम करते देखना चाहती हैं, जबकि बाजार और अर्थव्यवस्था में हित रखने वाले अनेक दूसरे तबकों की अपेक्षा यह होती है कि ये संस्था पेशेवर नजरिए से काम करे। लोकतांत्रिक देशों में सरकारों की अपनी सियासी एवं चुनावी प्राथमिकताएं होती हैं, जो कई बार अर्थव्यवस्था की बड़ी जरूरतों के खिलाफ चली जाती हैं। उस समय सेंट्रल बैंकों से उम्मीद रहती है कि वे शासक दल की जरूरत के मुताबिक चलने के बजाय अर्थव्यवस्था के बुनियादी तकाजों को प्राथमिकता देंगे। कम-से-कम 1990 के बाद से भारत में रिजर्व बैंक की कमान पेशेवर गवर्नरों के हाथ में रही और उन्होंने अपेक्षाकृत स्वायत्त ढंग से फैसले लिए। कई मामलों में सरकारों ने तब भी इस दायरे में घुसपैठ की, फिर भी मोटे तौर पर रिजर्व बैंक अपनी स्वायत्तता जताने में सफल रहता था। इस कारण तब टकराव भी उभरते थे। मगर नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने और शक्तिकांत दास के गवर्नर बनने के बाद से कहानी बदल गई है। इससे सरकार अपनी मौद्रिक एवं वित्तीय नीतियों को अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप लागू कर पाई है।

# मुफ्त की चुनावी घोषणाओं बिगाड़ रहीं हैं आर्थिक सेहत

**योगेंद्र योगी**

दिल्ली चुनाव को अभी एक महीने से ज्यादा का समय बाकी है। उससे पहले दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने 1000 रुपये आएंगे। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद इसको बदलकर 2100 रुपए करेंगे। चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली आप अकेली पार्टी नहीं हैं। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक दलों में खैरात बांटने की होड़ लग जाती है। इसका एकमात्र मकसद चुनाव जीतना है। इसके नुकसान-फायदों की राजनीतिक दलों का परवाह नहीं हैं। यह अलग बात है कि चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, कटना तो खरबूजे को ही है। मसलन फ्री का माल लेने वाले को भी आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। किसी न किसी रूप में टैक्स का बोझ उन पर भी पड़ता है। फ्री की योजनाओं का फायदा उठाने वाले भी इससे बढने वाली महंगाई की मार से बच नहीं सकते।

इससे पहले राजस्थान में विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वोटरों को फ्री में स्मार्टफोन और तीन साल के लिए फ्री इंटरनेट का वायदा किया था। गहलोत ने राज्य के हर परिवार को हर महीने 100 यूनिट तक फ्री बिजली फ्री देने का ऐलान किया था। मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार को 100 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना योजना के तहत सवा करोड़ गरीब महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये जमा कराए। कांग्रेस ने वादा किया था कि उसकी सरकार आई तो हजार नहीं बल्कि 1,500 रुपये दिए जाएंगे। शिवराज ने युवाओं को लुभाने के लिए 12वीं कक्षा के कुल 9000 टॉपर्स को एक-एक स्कूटी देने का भी ऐलान किया था। चुनावी रेवड़ी बांटना का कल्चर शुरु से ही विवादों से घिरा रहा है। सुप्रीम कोर्ट, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आर्थिक विशेषज्ञ, चुनाव आयोग और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक इस पर चिंता जता चुके हैं। कोई भी राजनीतिक दल व्यापक देशहित से जुड़े ऐसे मुद्दों का समाधान तलाशना तो दूर बल्कि चर्चा तक करना नहीं चाहता। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त राशन और अन्य मुफ्त योजनाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर लोगों को फ्री की रेवड़ी कब तक बांटी जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन देना समय की जरूरत थी, लेकिन अब रोजगार और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि देश के 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, तो मतलब सिर्फ टैक्सपेयर्स ही ऐसे लोग हैं जिन्हें मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है। यह स्थिति गंभीर विचार का विषय है। वर्ष 2022 में श्रीलंका का आर्थिक संकट सामने आया तो इसने दुनियाभर की सरकारों को चेता दिया। सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि श्रीलंका से सबक लेते हुए हमें मुफ्त के कल्चर से बचना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका जैसी स्थिति भारत में नहीं हो सकती, लेकिन वहां से आने वाला सबक बहुत मजबूत है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक रैली में रेवड़ी कल्चर पर सवाल उठाए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ्त की रेवड़ी बांटकर उन्हें खरीद लेंगे। मोदी ने कहा था कि हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है।



भारत में ऐसी लुभावनी पर आर्थिक तौर पर घातक चुनावी वायदों की शुरुआत तमिलनाडु से मानी जाती है। वर्ष 2006 में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में डीएमके ने सरकार बनने पर सभी परिवारों को फ्री कलर टीवी देने का वादा किया। डीएमके के इस चुनावी वादे को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि, डीएमके जीत गई। वादा पूरा करने के लिए 750 करोड़ रुपये का बजट लगाया गया। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा था कि 2011 के विधानसभा चुनाव में विपक्षी अन्नाद्रमुक ने टीवी के जवाब में मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक फैन, लैपटॉप, कम्प्यूटर, सोने की थाली आदि बांटने का वादा कर दिया। शादी होने पर महिलाओं को 50 हजार रुपये और राशन कार्ड धारकों को 20 किलो चावल देने का वादा भी किया।

नतीजे आए तो अन्नाद्रमुक की सरकार बन गई। 2006 के चुनावी वादे पर जुलाई 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फ्रीबीज सभी लोगों को प्रभावित करती है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ को काफी हद तक हिला देती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी आदेश दिया कि वो सभी राजनीतिक पार्टियों से सलाह-मशविरा कर एक आचार संहिता बनाए। इसके बाद 2015 में चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए आचार संहिता जारी भी की, लेकिन उसके बावजूद चुनावों में फ्रीबीज का ऐलान होता ही रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कहा था, ऐसी योजनाएं जिनसे क्रेडिट कल्चर कमजोर हो, सब्सिडी की वजह से कीमतें बिगड़ें, प्राइवेट इन्वेस्टमेंट में गिरावट आए और लेबर फोर्स भागीदारी कम हो तो वो फ्रीबीज होती हैं।

# उधार के 3 हजार नहीं देने पर दोस्त को मार-डाला

## युवक ने पिलाई शराब, फिर पत्थर से कुचला सिर, पुलिस ने करवाया क्राइम-सीन रिक्रिएट



**आरोपी:**



मृतक- लोकेश्वर

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** भिलाई के खुर्सीपार इलाके में उधार के 3 हजार रुपए नहीं देने पर युवक ने अपने ही दोस्त को मार डाला। आरोपी अजय यादव उर्फ टंगिया ने प्लानिंग के तहत लोकेश्वर बंजारे को शराब पीने के लिए वीरांगना अवंती बाई भवन के पास नहर किनारे बुलाया। दोनों ने मिलकर शराब पी।

अजय ने फिर लोकेश्वर से उधार की रकम मांगी। लोकेश्वर ने रकम देने से मना कर दिया, जिसके बाद उसने पास पड़े पत्थर को उठाकर लोकेश्वर के सिर में पटक दिया। इससे भी वो नहीं मरा तो पत्थर से उसके सिर में कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद से अजय फरार था। 6 दिसंबर की रात हुई वारदात के बाद बुधवार देर शाम अजय को गिरफ्तार कर लिया गया। अजय को घटनास्थल पर लेजाकर क्राइम सीन रिक्रिएट करवाया।

**सीसीटीवी फुटेज में दिखा** नहर किनारे खून से लथपथ लाश मिलने की खबर के बाद से पुलिस जांच में जुटी थी। संदेह के आधार पर दो आरोपियों को पहले ही हिरासत में लिया गया था। पूछताछ में दोनों ने बताया कि घटना वाले दिन उन्होंने लोकेश्वर को अजय के साथ जाते देखा था। पुलिस ने जब आसपास लगे सीसीटीवी खंगाला तो इसकी पुष्टि हो गई। अजय और लोकेश्वर दोनों साथ में जाते हुए नजर आए। जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की अजय उर्फ टंगिया कवर्धा में छिपा हुआ है। पुलिस की टीम वहां पहुंची और टंगिया को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि लोकेश्वर ने उससे 3 हजार रुपए उधार लिया था, लेकिन दे नहीं रहा था। इसलिए उसने उसको मारने का प्लान बनाया।

**एक फोन से पुलिस को मिला ठिकाने का पता:** पुलिस अजय उर्फ टंगिया को काफी दिनों से खोज रही थी, अजय मोबाइल इस्तेमाल नहीं करता था इसलिए वो पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहा था। इसी दौरान टंगिया ने अपने एक परिचित के मोबाइल से भिलाई में एक मित्र को फोन करके पूछा कि क्या पुलिस उसे खोज रही है। इसी कॉल से वो ट्रेस हो गया। पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस किया और कवर्धा से गिरफ्तार कर लिया।

**कवर्धा में भी दर्ज है भाभी से मारपीट का मामला:** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक टंगिया के खिलाफ कवर्धा में अपनी भाई से भी मारपीट करने का मामला दर्ज है। अजय कवर्धा से घटना को अंजाम देने के बाद भिलाई आया था। उसके बाद यहां लोकेश्वर का मर्डर करने के बाद फिर से कवर्धा में अपने रिश्तेदारों के यहां छिपा हुआ था।

## 14 लोगों को विदेशों में बनाया साइबर गुलाम

### 3 गायब, ये थाईलैंड-कंबोडिया और वियतनाम से नहीं लौटे, ठग गैंग कर रहे पासपोर्ट-वीजा जब्त



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** दक्षिण-पूर्व एशियाई देश म्यांमार, कंबोडिया, फिलीपींस और थाईलैंड में अजीबोगरीब ट्रेंड चल रहा है। वहां भारत से विजिटर वीजा पर जाने वालों को गुलाम बनाकर उनसे ऑनलाइन ठगी कराई जा रही है। उन्हें साइबर गुलाम (साइबर स्लेवरी) बनाने के लिए उन देशों के ठग गैंग उनका पासपोर्ट-वीजा जब्त कर रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के 17 लोगों की सूची भेजी है। इनमें रायपुर के 5 और दुर्ग-भिलाई के 7 हैं। पुलिस का दावा है कि इनमें 14 से संपर्क कर लिया गया है। एक ही परिवार के तीन लोग कहां हैं? इस पर सस्पेंस है। भास्कर ने पड़ताल के दौरान 14 लोगों से संपर्क किया।

इनमें से केवल 3 से ही बात हो सकी। बाकी के लोकेशन के बारे में पुलिस भी पुख्ता तौर पर कुछ नहीं बता रही है। साइबर गुलामी का खुलासा केंद्र सरकार की चिट्ठी से हुआ है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को चिट्ठी जारी की थी।

**केंद्र के गृह विभाग ने राज्य की पुलिस से मांगी इनकी जानकारी, ये परिवार कहां, किसी को नहीं मालूम:** पुलिस अब तक भिलाई निवासी रजिंद्र कौर से संपर्क नहीं कर पाई है। रजिंद्र कौर 2023 में थाईलैंड गए थे। उसके बाद से लौटे नहीं है। भास्कर उनके घर तक गई। वहां ताला लगा हुआ है। रजिंद्र के छोटे भाई ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है कि भैया-भाभी कहां है। पुलिस वाले तलाश करते हुए आए थे, फिर लौट गए। वे यहां से जाने के बाद कभी लौटकर नहीं आएं।

**रायपुर 5 लोगों के पते ही बदल गए:** राजधानी से पिछले दो साल के दौरान कंबोडिया और थाईलैंड जाने वालों के पते ही बदल गए। भास्कर ने पांचों से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन नहीं हुआ। वीजा में उन्होंने जो मोबाइल नंबर दिया था या तो वो बंद है या किसी दूसरे को अलॉट हो गया है। इस वजह से पुलिस के दावे को लेकर संशय है।

केंद्र सरकार से चिट्ठी आई थी। यह गोपनीय हैं। इनके संबंध में जानकारी नहीं दी जा सकती थी। इतना बता सकते हैं कि सभी से संपर्क हो गया है।

# 28 दिसंबर को वार्डों का आरक्षण

## 486 पंचायतों के 7219 पंचों के वार्ड होंगे आरक्षित, जिपं अध्यक्ष का आरक्षण रायपुर में होगा




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर निप्र।** बिलासपुर जिले की 486 पंचायतों के 7219 पंचों का वार्ड आरक्षण 28 दिसंबर को होगा। 4 जनपद पंचायत बिल्हा, तखतपुर, कोटा और मस्तूरी के तहत 100 और जिला पंचायत के 17 सदस्यों के वार्डों का आरक्षण भी इसी दिन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगा। यह जानकारी पंचायत विभाग की उप संचालक शिवानी सिंह ने दी।

जिला पंचायत के उप संचालक ने बताया कि, पंचायत राज संस्थाओं में आरक्षण की प्रक्रिया 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। इसके लिए अधिसूचना कलेक्टर अवनीश शरण ने जारी कर दी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में आरक्षण प्रक्रिया की नई तिथि घोषित की गई है।

पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्यों के पदों का आरक्षण अब एक ही दिन 28 दिसंबर को होगा। जिला पंचायत सदस्यों और जनपद पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण मंथन सभाकक्ष में होगा।

**पंच-सरपंच, जनपद सदस्यों का आरक्षण जपं में:** पंच, सरपंच, जनपद सदस्यों के पदों का आरक्षण संबंधित जनपद पंचायतों के सभाकक्ष में सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा। कलेक्टर ने आरक्षण की कार्रवाई संपन्न कराने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति करते हुए आम जनता के लिए इसकी सूचना जारी कर दी है।

**अफसरों की ड्यूटी लगाई:** जिला स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्यों के आरक्षण की कार्रवाई पूरा कराने के लिए अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिलासपुर पीयूष तिवारी, उप संचालक पंचायत शिवानी सिंह और जिला अंकेक्षक एके धिरही उन्हें सहयोग करेंगे।

सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अपने अनुविभाग में आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं। संबंधित तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उन्हें इस कार्य में सहयोग करेंगे। जनपद पंचायत कार्यालय, बिल्हा, मस्तूरी, कोटा और तखतपुर में 28 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से आरक्षण की प्रक्रिया शुरू होगी।

जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं वार्ड पंचों के पदों का नियमानुसार आरक्षण किया जाएगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और इन सभी वर्गों में महिलाओं के लिए आरक्षित स्थानों से लाट निकाली जाएगी।

**जिपं अध्यक्ष का आरक्षण रायपुर में होगा:** आरक्षण प्रक्रिया के दौरान आम जनता अवलोकन के लिए उपस्थित रह सकते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष के पद का आरक्षण 30 दिसंबर को राजधानी रायपुर में संपन्न होगा। इसकी प्रक्रिया ठाकुर प्यारेलाल संस्था निमोरा के ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

## टुरिस्ट बस और पिकअप की टक्कर, पिकअप के परखचे उड़े



**मीडिया ऑडीटर, कांकेर एजेंसी।** कांकेर जिला के ग्राम कंडेल के पास गुरुवार सुबह करीब 8 बजे रायपुर से आ रही टूरिस्ट बस और पिकअप वाहन की आमने-सामने के टक्कर हो गई।। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए। वहीं बस के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में किसी भी प्रकार की जन हानि नही हुई है।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर चारामा पुलिस ने सड़क बहाल कराते हुए अपनी कार्यवाही प्रारंभ कर दी। बताया जा रहा है की टूरिस्ट बस में बस्तर भ्रमण से वापस लौट रहे छात्र सवार थे। बस चालक ने बताया कि वे बेमेतरा से बस्तर घूमने गए थे और वापसी के दौरान यह दुर्घटना हुई। टक्कर में किसी को चोट नहीं आई।

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, महिलाओं ने घेरा थाना

## पूर्व एमएलए के गांव की जमीन पर भू-माफिया ने किया कब्जा



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह के गांव की एक एकड़ सरकारी जमीन पर धनंजय सिंह ने अवैध कब्जा कर लिया है। इससे नाराज महिलाओं और गांव के अन्य लोगों ने बुधवार को थाने का घेराव कर दिया। इस दौरान उन्होंने जमकर हंगामा मचाया और भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। अवैध कब्जा नहीं हटाने पर उन्होंने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

ग्राम पंचायत पौंसरा के लोगों ने बताया कि धनंजय सिंह ठाकुर उर्फ भोटू सिंह ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। उस जगह पर गांव में अटल बाजार के लिए प्रस्तावित है। साथ ही विधायक सुशांत शुक्ला ने उसी जगह पर धुरी समाज के सामुदायिक भवन बनाने के लिए 20 लाख रुपए स्वीकृत किया है। जिस पर पांच साल से अवैध कब्जा कर लिया गया है।

**महिलाओं ने घेरा थाना, धमकाने वाले के खिलाफ एफआईआर की मांग:** अवैध कब्जा करने से नाराज महिलाओं ने बुधवार को कोनी थाने का घेराव कर दिया। उनका कहना है कि गांव की सरकारी जमीन पर दूसरी जगह के लोगों को कब्जा करने नहीं दिया जाएगा। मना करने पर अवैध कब्जाधारी जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। अगर, कार्रवाई नहीं हुई तो गांव के लोग उग्र आंदोलन कर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

**महिलाओं ने तोड़ दिया मकान:** महिलाओं ने यह भी बताया कि पंचायत की जमीन को खाली कराने के लिए पहले समझाइश दी गई। इसके बाद भी धनंजय सिंह ने नहीं माना। उल्टा धमकी देने लगा, जिससे नाराज महिलाओं ने अवैध कब्जा पर बने निर्माण को तोड़ दिया है।

पांच साल से किया है कब्जा, प्रशासन ने भी नहीं दिया ध्यान

बताया जा रहा है कि धनंजय सिंह ने पिछले पांच साल से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया है। लोगों ने इसकी शिकायत भी की थी, जिसके बाद भी प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि अब गांव की महिलाओं को सामने आना पड़ा है।

### धान के उठाव में तेजी का दावा, अब तक 3.30 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव, प्रदेश में चौथा नंबर



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर जिले में मिलिंग के लिए धान का उठाव पिछले पखवाड़े तक धीमी गति से चल रहा था और बमुश्किल 30 हजार क्विंटल धान का उठाव हो पाया था। कलेक्टर अवनीश शरण के मुताबिक हफ्ते भर में उठाव में तेजी आई है और अब खरीदी केंद्र से राइस मिलर सीधे उठाव करने लगे हैं। कलेक्टर ने दावा किया कि धान के उठाव के मामले में बिलासपुर जिला पूरे छत्तीसगढ़ में चौथे नंबर पर है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिले में 3.30 लाख मीट्रिक टन का उठाव हो चुका है, जो कि अनुमानित लक्ष्य का 33 फीसदी है।

**राइस मिलरों की मांगें माने जाने के बाद आई तेजी:** बता दें कि राज्य के मिलर धान के उठाव में सिर्फ इसलिए दिलचस्पी नहीं ले रहे थे, क्योंकि उन्हें मिलिंग के मुताबिक लागत नहीं मिल रही थी। जैसे ही राइस मिलरों के मिलिंग की लागत बढ़ाई गई, उठाव में तेजी आने लगी। राइस मिलरों के यहां प्रशासन की छापामार कार्रवाई और जिले की तीन राइस मिलरों को सील किए जाने के बाद राइस मिलरों ने खुद ही धान का उठाव करने का पत्र कलेक्टर को दिया।

**7.80 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य:** जिले में 140 सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से धान की खरीदी की जा रही है। प्रशासन ने इस बार जिले में 7.80 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा है, लेकिन अफसरों का यह भी कहना है कि लक्ष्य पूरा होने के बावजूद यदि किसान धान लेकर आते हैं, उसकी खरीदी की जाएगी।

# निर्माणाधीन फैक्ट्री के अंदर घुसकर लूट करने वाले गिरफ्तार

## कार में सोए हुए व्यक्ति को चाकू की नोंक पर लूटा, हथियार और रकम जब्त




**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** दुर्ग जिले की पुरानी भिलाई पुलिस ने भिलाई के इंडस्ट्रियल एरिया हथखोज इंजीनियरिंग में निर्माणाधीन फैक्ट्री में कार के भीतर सोए हुए व्यक्ति से लूट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनो आरोपियों ने देर रात चाकू की नोक पर फैक्ट्री के अंदर लूट की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट की रकम और चाकू जब्त कर लिया है। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि एजाज आलम अंसारी (44 साल) निवासी एलआईजी 60, हाउसिंग बोर्ड उमदा ने उसके साथ लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने शिकायत में बताया कि वो इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में निमार्णाधीन फैक्ट्री में फाउंडेशन और बाउंड्रीवाल का निर्माण करवा रहा है।

21 दिसंबर की रात वो रोज की तरह अपनी कार से फैक्ट्री के अंदर सोने के लिए गया था। उसके साथ मिस्त्री हेमंत भारती भी था। रात में मित्री वहां बनी झोपड़ी में और एजाज अपनी कार के अंदर ही सो गया था।21-22 दिसंबर की देर रात 2.05 बजे एक अज्ञात व्यक्ति एजाज की कार के पास आया और कार के दरवाजा को जोर-जोर से पीटने लगा। जब एजाज ने कार का दरवाजा खोला तो उस व्यक्ति ने उसके चाकू लगा दिया। इस दौरान उसने एजाज के ऊपर चाकू से हमला भी किया, लेकिन उसने अपने आपको किसी तरह बचा लिया। जब एजाज ने खुद को सरेंडर किया तो आरोपियों ने चाकू की नोक पर उसके पैंट में रखे नगद 4400 रुपए लूटकर फरार हो गए। वारदात को अंजाम दो लोगों ने दिया। एक ने लूट की और दूसरा बाइक लेकर गेट के बाहर खड़ा था।

**कंपनी के गार्ड ने बताया आरोपियों का हुलिया:** पुलिस की टीम ने जब मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो आसपास की फैक्ट्री का सीसीटीवी फुटेज चेक किया और गार्ड से पूछताछ की। इसी दौरान शिवालिक कंपनी के गार्ड ने पुलिस को आरोपियों के हुलिया के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से मिलाकर कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**लूट की रकम से जमकर की दारू पार्टी:** पुलिस ने संदेह के आधार पर महाराजा देवार और निकेत देवार को गिरफ्तार किया। इसके बाद जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने लूट की वारदात को करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू और लूट की रकम 1000 हजार रुपए जब्त किया। आरोपियों ने बताया कि लूट की बाकी रकम को उन लोगों ने शराब पार्टी में उड़ा दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## साथी युवक का टूटा पैर, तेतला के पास हुआ हादसा, ट्रैक्टर का ड्राइवर फरार



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक सारंगढ़ जिला के उच्चभिट्टी गांव के रहने वाला प्रेम दास अपने साथी मनहरण के साथ बुधवार को काम से रायगढ़ आए थे।

दोनों बाइक सवार अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान चंद्रपुर की ओर जाने वाले रोड पर तेतला गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें जबरदस्त ठोकर मार दी। इस हादसे में प्रेमदास की मौके पर मौत हो गई। साथ ही उसका साथी मनहरण गंभीर रूप से घायल हो गया।

**घायल का पैर का टूटा:** घटना की जानकारी जब आसपास के लोगों को हुई तो वे मौके पर पहुंचे। मामले की सूचना डायल 112 को दी गई। जिसके बाद मृतक और घायल को उठाकर पुसौर अस्पताल ले आए। बताया जा रहा है कि घायल युवक के शरीर में कई जगह चोट आने के साथ ही उसका पैर भी टूट गया है।

**आरोपी ट्रैक्टर चालक हुआ फरार:** घटना के बाद मामले जानकारी पुसौर पुलिस को लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर की ट्राली की जगह धान काटने वाला मशीन था। पुलिस ने मामले की जानकारी मृतक और घायल के परिजनों को दी गई है। घटना को अंजाम देकर आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी पतासाजी पुसौर पुलिस कर रही है।

# लखपति दीदी बनने की कहानी, कृष्णा सिंह की जुबानी

## बिहान योजना से कृष्णा सिंह ने संभाला अपना और अपने बच्चों का भविष्य



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** बिहान योजना ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ सशक्त बनाने में एक अहम भूमिका निभा रही है। इस योजना ने केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के डंगौरा निवासी कृष्णा सिंह की प्रेरणादायक कहानी एक मिसाल बनकर उभरी है। उनकी दृढ़ता और मेहनत ने उन्हें एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित कर दिया है, आज कृष्णा सिंह "लखपति दीदी" के नाम से जानी जाती हैं।

कृष्णा सिंह का प्रेरणादायक संघर्ष - कृष्णा सिंह का जीवन पहले आर्थिक तंगी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संघर्ष में बीत रहा था। उनके परिवार की आय का कोई स्थायी स्रोत नहीं था, और परिस्थितियां बेहद कठिन था। इसी बीच उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने इस योजना से जुड़ने का निर्णय लिया, जो उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

बिहान योजना से मिली नई दिशा- बिहान योजना के अंतर्गत कृष्णा सिंह ने स्टेशनरी की एक छोटी सी दुकान की शुरूआत की। कठिन परिश्रम और अदम्य इच्छाशक्ति के कारण उनकी दुकान चल पड़ा और उनका आत्मविश्वास पहले से अधिक बढ़ गया। उनके लगातार बैंक से लेन-देन के कारण उनका क्रेडिट स्कोर भी बेहतर हुआ। इससे उन्होंने बैंक से लोन लेकर अपने व्यवसाय को और अधिक विस्तार किया। कृष्ण सिंह के प्रयास और बिहान योजना की सहायता से उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। आज श्रीमती कृष्णा सिंह की सालाना बचत एक लाख रुपए तक पहुंच गई है। उनका जीवन न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हुआ है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि हुई है। उनकी इस सफलता ने क्षेत्र की अन्य महिलाओं को प्रेरणा दी है।

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त - कृष्णा सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाएं केवल योजनाएं नही होती, बल्कि वे समाज में बदलाव लाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करती हैं। हम सब को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ अधिक-अधिक उठाना चाहिए। जिससे हम अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकें।

अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत - कृष्णा सिंह की सफलता की कहानी अन्य महिलाओं के लिए मिसाल बन चुकी है। बिहान योजना से जुड़कर वे न केवल अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार की हैं, बल्कि अपने बच्चों का भविष्य भी उज्ज्वल बना रही हैं। यह योजना महिलाओं के लिए वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करती है और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती है, जिससे वे समाज में अपनी एक नई पहचान बना सकें। बिहान योजना वास्तव में महिलाओं के जीवन को संवारने और उनके सपनों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है। श्रीमती कृष्णा सिंह की सफलता इस बात का प्रमाण है कि इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन के बल पर किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। उनकी यह यात्रा उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणादायक साबित हो सकती है, जो महिलाएं बेहतर भविष्य का सपना देखती हैं।

# वीर बाल दिवस, देश-धर्म और समाज के लिए बलिदान होने की अद्वितीय घटना है-मुख्यमंत्री

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीर बाल दिवस पर दिन की शुरूआत हमीदिया रोड के गुरुद्वारे में मत्था टेककर, साहिबजादों के बलिदान के स्मरण के साथ की। उन्होंने गुरबाणी का श्रवण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जो बोले सो निहाल-सत् श्री अकाल के उद्घोष के साथ अपना संबोधन आरंभ करते हुए कहा कि आज का दिन भारत ही नहीं, संपूर्ण विश्व के लिए विशेष है। गुरु गोविंद सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन, धर्म-समाज और देश के लिए



समर्पित कर दिया। ऐसे महान व्यक्तित्व का यह सौभाग्य था कि उनके परिवार ने भी स्वयं को देश पर बलिदान किया। यह इतिहास की अद्वितीय घटना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने करतारपुर साहब के दर्शन की व्यवस्था और आज के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने जैसी अनेकों सौगातें समाज को प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन के विविध पक्षों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जा रहा है।

## चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग स्टूडेंट से रेप

**चेन्नई (एजेंसी)।** डिप्टी सीएम उदयनिधि और आरोपी की साथ में फोटो आने के बाद विपक्षी दलों ने उनके इस्तीफे की मांग की है। तमिलनाडु में चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की सेकेंड ईयर स्टूडेंट के साथ रेप का मामला सामने आया है। घटना यूनिवर्सिटी कैंपस में 23 दिसंबर रात 8 बजे की बताई जा रही है। यूनिवर्सिटी कैंपस के पास ही राजभवन और आईआईटी मद्रास है, जो हाई-सिक्योरिटी जोन में आता है। पीड़ित युवती ने डायल 100 पर शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने बयान दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने कैंपस में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आरोपी ज्ञानशेखरन की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर 12 साल पहले भी रेप के आरोप लगे थे। तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष अन्नामलाई ने दावा किया है कि आरोपी सत्ताधारी डीएमके का सदस्य और पार्टी की स्टूडेंट विंग का लीडर भी है। उन्होंने डिप्टी ष्टरूउदयनिधि स्टालिन और डीएमके के बड़े नेताओं के साथ आरोपी की कई तस्वीर भी जारी की है। उन्होंने पुलिस पर दबाव का भी आरोप लगाया।

## सबसे कम उम्र के शतरंज प्लेयर को बाल पुरस्कार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाल पुरस्कार सात कैटेगरी में दिए गए हैं। जिसमें आर्ट एंड कल्चर, बहादुरी, इनोवेशन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सोशल वर्क, स्पोर्ट्स एंड एनवॉयरमेंट शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस बार 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया था। इनमें 7 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। बाल पुरस्कार सात कैटेगरी में दिए गए हैं। जिसमें आर्ट एंड कल्चर, बहादुरी, इनोवेशन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सोशल वर्क, स्पोर्ट्स एंड एनवॉयरमेंट शामिल है। खेल कैटेगरी से चर्चित नाम 3 साल के अनीश सरकार का है। जो फिडे (वर्ल्ड चेस फेडरेशन) रैंकिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के शतरंज प्लेयर हैं। उधर पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा- अगर हम मैन्यूफैक्चरिंग पर काम करें तो उसमें हम दुनिया में बेस्ट हों। अगर स्पेस सेक्टर में काम करें तो दुनिया में बेस्ट हों। बेस्ट ही हमारा स्टैंडर्ड होना चाहिए।

## अरुणीश चावला रेवेन्यू सेक्रेटरी बनाए गए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने बुधवार को बजट से 5 हफ्ते पहले कार्मिक मंत्रालय ने प्रशासनिक फेरबदल किया। बिहार कैडर से 1992 बैच के आईएएस अफसर अरुणीश चावला को राजस्व सचिव नियुक्त किया गया है। दिसंबर में संजय मल्होत्रा के भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर नियुक्त किए जाने के बाद राजस्व सचिव का पद खाली हो गया था। चावला वर्तमान में फार्मास्यूटिकल्स सेक्रेटरी हैं। आधार प्राधिकरण के सीईओ अमित अग्रवाल, चावला की जगह फार्मास्यूटिकल्स सचिव होंगे। हालांकि नियमित पद पर नियुक्ति होने तक चावला संस्कृति मंत्रालय के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभालते रहेंगे। चावला की नियुक्ति से बजट बनाने वाली टीम भी पूरी हो गई है। बजट टीम में वित्त मंत्री, वित्त सचिव,राजस्व सचिव, व्यय सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार बजट प्रमुख, प्रतिनिधि, सीबीडीटी और सीबीआईसी चीफ शामिल होते हैं।

## 5 राज्यों से होकर नार्थ-ईस्ट पहुंचाए जा रहे पाकिस्तानी हथियार

नई दिल्ली। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई अशांति का माहौल पैदा करने के लिए अब भारत के उत्तर-पूर्व राज्यों में साम्प्रदायिक माहौल को हवा देने में लगी है। इसके लिए पाकिस्तान से तस्करी के जरिए अत्याधुनिक हथियारों की बड़ी खेप जम्मू-कश्मीर व पंजाब के जरिये उत्तर-पूर्वी राज्यों में पहुंचाई जा रही है। इसके लिए बिहार राज्य का इस्तेमाल एक ट्रांजिट रूट व तस्करों के लिए हथियारों का भंडारण करने के लिए किया जा रहा है।

## पुष्पा-2 भगदड़ केस- तेलंगाना सीएम बोले- एक्टर अपनी जिम्मेदारी समझें

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा- 2 के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ का मामला बढ़ता जा रहा है। अब तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा है कि भीड़ को और फैंस को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी एक्टर्स की ही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी इस विवाद में एक्टर अल्लू अर्जुन को सपोर्ट कर रही है। बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक्टर की छवि खराब की जा रही है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से गुरुवार को तेलंगाना फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और प्रोड्यूसर दिल राजू, अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद, एक्टर नागार्जुन और दग्गुबती वेंकटेश समेत फिल्म इंडस्ट्री की कई जानी-मानी हस्तियों ने मुलाकात की थी। इस दौरान रेड्डी ने कहा कि कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

फिल्म इंडस्ट्री को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। इस मामले में बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने अल्लू अर्जुन का सपोर्ट किया और कहा कि कांग्रेस को ऐसे मुद्दों पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। तेलुगु फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को दुनियाभर में पहचान दिलाई है, लेकिन कुछ लोग उन्हें जमीन पर लाना चाहते हैं। ठाकुर ने कहा कि हाल ही में एक्टर अल्लू अर्जुन को नेशनल अवॉर्ड से नवाजा गया और एक्टर चिरंजीवी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया है, लेकिन कांग्रेस इंडस्ट्री को सपोर्ट करने की जगह कॉन्ट्रोवर्सी कर रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने विधानसभा में कहा था- अल्लू अर्जुन लापरवाह थे और मौत की सूचना मिलने के बावजूद थिएटर से बाहर नहीं निकले और रोड शो किया। हैदराबाद पुलिस ने मंगलवार यानी 23 दिसंबर को अल्लू अर्जुन से 3 घंटे से ज्यादा पूछताछ की थी।

## आतिशी बोलीं-अजय माकन पर 24 घंटे में कार्रवाई करे कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच बयानों को लेकर टकराव शुरू हो गया है। दिल्ली की सीएम आतिशी और सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को कहा, %कांग्रेस नेता अजय माकन हमारे नेता अरविंद केजरीवाल को एंटी-नेशनल कहते हैं। क्या



उन्होंने भाजपा के किसी नेता के खिलाफ ऐसा आरोप लगाया। आतिशी ने कहा, हम कांग्रेस पार्टी से मांग करते हैं कि वह माकन के खिलाफ 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करें। वर्ना हम इंडिया ब्लॉक से कांग्रेस पार्टी को अलग करने के लिए अन्य विपक्षी दलों से बात करेंगे। संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के अंदर कांग्रेस पार्टी भाजपा के पक्ष में खड़ी हो गई है। कांग्रेस हर वो काम कर रही है, जिससे भाजपा को चुनाव में फायदा हो।

## एमपी-यूपी, राजस्थान में ओला-बारिश की चेतावनी

**भोपाल/जयपुर/दिल्ली/लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर भारत में शीतलहर जारी है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में पारा 10ए से कम रहा। आईएमडी ने मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हिमाचल के कुछ हिस्सों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाओं के कारण मध्य भारत और दिल्ली-एनसीआर में बारिश होगी।

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते श्रीनगर में पारा माइनस 6ए रिकॉर्ड किया गया। श्रीनगर, गुलमर्ग से भी ठंडा रहा। यहां पारा शून्य से 6.6ए सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। हालांकि, श्रीनगर में इस सीजन में अब तक बर्फबारी नहीं हुई है। हिमाचल में बर्फबारी के बाद तीन नेशनल हाईवे समेत करीब 134 सड़कें बंद कर दी गई हैं। कोकसर में सबसे ज्यादा 5.6 सेमी बर्फबारी हुई। लाहौल-स्पीति जिले का ताबो सबसे ठंडा रहा।

## 40 जेसीबी लेकर जंगल पहुंचे कलेक्टर-एसपी

**खंडवा (एजेंसी)।** खंडवा में जिला प्रशासन ने जंगल में बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को वन विभाग और जिला प्रशासन ने करीब 500 जवानों और 40 जेसीबी मशीनों के साथ अतिक्रमण क्षेत्र में दबिश दी।

कब्जाई जमीनों में खंती खोदने की कार्रवाई की जा रही है। यहां बोई



गई फसलों को नष्ट किया जा रहा है। गुडी रेंज के नाहरमाल, हीरापुर गांव में वन विभाग ने कार्रवाई का प्लान बनाया है। यहां वन विभाग की 10 हजार एकड़ जमीन पर खेती हो रही है। यहां माफिया ने जंगल काटकर खेत तैयार कर लिए हैं। करीब 4 साल से फसलों की बोनी की जा रही है। इससे पहले भी कार्रवाई के लिए दबिश दी गई थी। इस दौरान अतिक्रमणकारी हमलावर हो गए। इसी महीने कार्रवाई के दौरान दो वनकर्मी घायल हो गए थे।

## 70 फीट ऊंचे टावर से गिरे मजदूर, 5 की मौत

**सीधी (एजेंसी)।** सीधी में हाईटेंशन लाइन का 70 फीट ऊंचा टावर टूटने से 2 भाइयों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर 12.30 बजे की है। हादसा तब हुआ जब टावर के ऊपर 9 मजदूर काम कर रहे थे। 5 गंभीर घायलों को रामपुर नैकिन (सीधी) अस्पताल में भर्ती कराया है। दरअसल, सीधी जिले में जेपी नगरी पावर प्लांट से सतना तक हाईटेंशन बिजली लाइन डाली जा रही है। रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के पटेहरा गांव में इसका काम चल रहा था। इसी दौरान टावर टूटकर गिर गया। हादसे में पश्चिम बंगाल के रहने वाले तीन मजदूरों की मौत हुई है।



इनमें दो भाई है। चार लोगों की मौत सीधी में ही हो गई थी। एक गंभीर घायल को रीवा रेफर किया गया था। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। रामपुर नैकिन थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि हादसा किस वजह से हुआ ? इसकी जांच की जा रही हैं। हादसे में एसके मुबारत, अजमेर शेख और सोन मौसीर की मौत हो गई। दो और मृतकों ने नाम अभी सामने नहीं आ सके है। थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी ने बताया है कि काम करने वाले सभी दूसरे प्रदेश के थे।

जहां उनके परिजनों को फोन के माध्यम से सूचित कर दिया गया है जेपी पावर प्लांट, निगरी दो महीने से हाईटेंशन लाइन के लिए टावर लगाने का काम कर रही है। मजदूर एसके मंसूरी ने बताया कि सुरक्षा के लिए कंपनी प्रबंधन की ओर से हेलमेट, जूते और झूला दिया जाता है। जिसके सहारे हम ऊपरी हिस्से पर चढ़ते थे।

## राष्ट्रीय प्रतीकों के गलत इस्तेमाल पर 5 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार जल्द ही राष्ट्रीय प्रतीकों के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए भारी जुर्माने समेत जेल की सजा का प्रावधान करने जा रही है। प्रस्ताव है कि प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति के नाम, फोटो और राष्ट्रीय प्रतीकों के दुरुपयोग करने के कानून में सजा को बढ़ाकर 5 लाख रुपए के जुर्माने और जेल कर दिया जाए। वहीं, दो अलग-अलग मंत्रालयों के इससे जुड़े दो



कानूनों को मिलाकर एक ही मंत्रालय के अधीन एक कड़ा कानून बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। अभी गृह मंत्रालय के तहत द स्टेट एंबलम ऑफ इंडिया (प्रॉह्बिशन ऑफ इंप्रॉपर यूज) एक्ट, 2005 और उद्योग मंत्रालय के तहत द एंबलम एंड नेम्स (प्रॉह्बिशन ऑफ इंप्रॉपर यूज) एक्ट, 1950 लागू है। सूत्रों के मुताबिक दोनों मंत्रालयों के बीच बातचीत के दौरान यह प्रस्ताव सामने आया था।

## महाराष्ट्र में कॉन्ट्रेक्ट कर्मचारी ने 21 करोड़ का घोटाला किया

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी ने 21 करोड़ रुपए का घोटाला किया है। इस रकम से उसने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए एयरपोर्ट रोड में लग्जरी फ्लैट खरीदकर गिफ्ट कर दिया। खुद के लिए उसने बीएमडब्ल्यू की कार और बाइक खरीदी। पुलिस ने बताया कि 23 साल का हर्षल कुमार क्षीरसागर संभाजीनगर खेल परिसर में कम्प्यूटर ऑपरेटर है। उसकी सैलरी 13 हजार रुपए है। उसने इसी साल 1 जुलाई से 7 दिसंबर के बीच विभाग के 21 करोड़ 59 लाख 38 हजार रुपए इंटरनेट बैंकिंग के जरिए 13 खातों में ट्रांसफर किए। उसने साथी कर्मचारी यशोदा शेट्टी और उसके पति बीके जीवन के साथ मिलकर यह घोटाला किया। बैंक खाते से 59 करोड़ का हेरफेर राज्य सरकार ने संभाजीनगर में खेल परिसर के निर्माण के लिए पैसे भेजे थे।

## हिमाचल में हैवी स्नोफॉल का ऑरेंज अलर्ट, 7 जिलों में होगी बर्फबारी

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में व्हाइट क्रिसमस के बाद अब न्यू ईयर पर भी अच्छी बर्फबारी होगी। देशभर से हिल स्टेशन पर आने वाले टूरिस्ट बर्फ के बीच 2025 का स्वागत कर पाएंगे। इससे पहले भी सैलानी शिमला, कुल्लू और लाहौल स्पीति जिला की ऊंची चोटियों पर बर्फ देख सकते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने ताजा बुलेटिन जारी कर हिमाचल के कुछे क्षेत्रों में कल यानि 27 दिसंबर से अगले 48 घंटे तक भारी हिमपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। न्यू? ईयर से पहले यानी 27 दिसंबर की रात से 28 व 29 दिसंबर को प्रदेश के सात जिलों में अच्छी बर्फबारी होगी। चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, मंडी और



शिमला जिले में बर्फबारी का पूर्वानुमान है राहत की बात यह है कि 30 और 31 दिसंबर को मौसम साफ हो जाएगा। इससे प्रशासन के पास टूरिस्ट पेलेस को जोड़ने वाले सड़कें खोलने का पूरा समय होगा। शिमला से लगभग 14 किलोमीटर दूर छराबड़ा, शिमला से 15 किलोमीटर दूर कुफरी और शिमला से 61 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नारकंडा में अभी अच्छी बर्फ है। इन तीनों पर्यटन स्थलों पर टूरिस्ट चंडीगढ़-शिमला-किन्नौर को जोड़ने वाले नैशनल हाइवे से पहुंच सकते हैं। आज और कल शाम तक इन जगह मौसम साफ व सुहावना रहेगा।

वहीं, कुल्लू जिला के सोलंग नाला और अंजनी महादेव में भी लगभग आधा फीट बर्फ गिरी हुई है। यहां पर टूरिस्ट पैराग्लाइडिंग, रोपवे और घुड़सवारी का लुत्फ उठा सकते हैं। सोलंग नाला के लिए चंडीगढ़-मनाली एनएच से पहुंचा जा सकता है। इसी हाईवे से लाहौल स्पीति से अटल टनल रोहतांग, कोकसर, सिस्सू इत्यादि पर्यटन स्थलों पर पहुंचा जा सकता है। हालांकि दो दिन से अटल टनल रोहतांग टूरिस्ट के लिए बंद थी। आज दोपहर तक इसके खुलने की संभावना है। इसके बाद टूरिस्ट लाहौल स्पीति के बर्फ से ढके पहाड़ों को निहार सकेंगे। शिमला और कुल्लू जिला में पुलिस ने ट्रैफिक के लिए खास इंतजाम कर रखे हैं। मगर बड़ी संख्या में टूरिस्टों के पहाड़ों पर पहुंचने से मनाली, अटल टनल रोहतांग और शिमला में टूरिस्ट को ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ रहा है। इसलिए सैलानियों को जहां भी जाना है, एक-घंटे पहले डेस्टिनेशन को निकलना उचित रहेगा।

## राहुल बोले- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कुछ तो गड़बड़ है

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर सवाल उठाए हैं। न्यूज एजेंसी ह्ह्व के सूत्रों के मुताबिक उन्होंने कहा, महाराष्ट्र की 118 सीटों पर 72 लाख मतदाता 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े गए, जिनमें से 102 पर भाजपा ने जीत दर्ज की।

इससे साफ है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है। वहीं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- भाजपा सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करना चाहती है। हम लड़ाई लड़ते रहेंगे। चुनावी प्रक्रिया में लोगों का विश्वास धीरे-धीरे कम हो रहा है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। यह सरकार चुनाव नियमों में बदलाव करके क्या छिपाने की



कोशिश कर रही है, जिसे साझा करने का आदेश अदालत ने दिया है। खड़गे ने कहा- कभी वोटर्स का नाम सूची से काटा जाता है, कभी उनको वोट डालने से रोका जाता है, कभी वोटर लिस्ट में अचानक वोटर्स बढ़ जाते हैं, कभी वोट डालने के लास्ट टाइम में वोट पर्सेंट अप्रत्याशित तरीके से बढ़ जाता है। ये कुछ सवाल हैं, जिनका संतोषजनक जवाब नहीं मिलता।

# यशस्वी बनाएंगे कई रिकार्ड- मैक्सवेल

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अपने टेस्ट करियर में 40 से अधिक शतक लगाने के साथ ही कई रिकॉर्ड बनाएंगे। मैक्सवेल के अनुसार हालातों के अनसार ढ़लने और बल्लेबाजी में कोई कमी नहीं होने का लाभ यशस्वी को मिलेगा। यशस्वी ने इस साल के शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके टीम में अपनी जगह पक्की की थी।

मैक्सवेल ने कहा, ' जायसवाल एक ऐसा खिलाड़ी है जो संभवत- 40 से अधिक टेस्ट शतक लगाएगा और कुछ अलग रिकॉर्ड भी बनाएगा। उसके पास अलग-अलग हालातों से तालमेल बिठाने की जबरदस्त क्षमता है। इस युवा बल्लेबाज ने अभी तक 15 टेस्ट मैच में 58.07 की शानदार औसत से 1568 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक शामिल हैं।

पर्थ में पहली पारी में वह खाता नहीं खोल पाए थे पर दूसरी पारी में उन्होंने दबाव में आये बिना शानदार वापसी की जिससे उनके बल्लेबाजी कौशल का पता चलता है। मैक्सवेल ने कहा, 'उसने कई तरह के शॉट खेले पर बीच में उसने जिस तरह से गेंदें छोड़ी और जिस तरह से वह बैक फुट पर जाकर खेला वह महत्वपूर्ण था।

# खेलरत्न की अनुशंसा में मनु भाकर का नाम नहीं, मंत्रालय ने कहा कि सूची फाइनल नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर की इस साल ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार के लिये उपेक्षा किये जाने की खबरों के बीच खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र ने कहा है कि अभी नाम तय नहीं हुए हैं और एक सप्ताह में पुरस्कारों का खुलासा होने पर उसका नाम सूची में होगा। अगस्त में पेरिस ओलंपिक में मनु एक ही खेलों में दो पदक जीतने वाली आजाद भारत की पहली खिलाड़ी बन गई जब उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।



मनु के परिवार ने कहा कि उन्होंने पुरस्कार के लिये आवेदन भरा था। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा ,'' अभी अंतिम सूची तय नहीं हुई है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया एक या दो दिन में अनुशंसा पर फैसला लेंगे और अंतिम सूची में मनु का नाम होने की पूरी संभावना है।'' उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत जज वी रामासुब्रमम की अध्यक्षता वाली 12 सदस्यीय पुरस्कार समिति में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल समेत पूर्व खिलाड़ी भी हैं। मंत्रालय के नियमों के तहत खिलाड़ियों को अपना नामांकन खुद भरने की भी अनुमति है। चयन समिति उन नामों पर भी विचार कर सकती है जिन्होंने आवेदन नहीं किया है। मंत्रालय ने दावा किया कि मनु ने आवेदन नहीं किया है लेकिन उनके पिता रामकिशन भाकर ने कहा कि उसने आवेदन किया है। उन्होंने कहा ,'' भारत में ओलंपिक खेलों की कोई अहमियत नहीं है क्योंकि दो ओलंपिक पदक जीतने के बावजूद मनु की खेलरत्न पुरस्कार के लिये उपेक्षा की गई। देश के लिये खेलने और पदक जीतने का क्या फायदा जब सम्मान के लिये हाथ फैलाने पड़ें। वह पिछले दो तीन साल से लगातार सारे पुरस्कारों के लिये आवेदन कर रही है और मैं इसका गवाह हूं। इसमें खेलरत्न, पद्मभी और पद्मभूषण सम्मान शामिल है।''

समझा जाता है कि समिति ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालम्पिक में ऊंची कूद टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले पैरा एथलीट प्रवीण कुमार के नामों की सिफारिश खेलरत्न के लिये की है।

इनके अलावा 30 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार देने की भी सिफारिश की गई है।

# आईपीएल में इस बार निये नये कप्तानी करते नजर आयेंगे ऋषभ सहित ये खिलाड़ी

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में इस बार कई टीमों के कप्तान भी उतरे थे जिन्हें उनकी टीमों ने रिटेन नहीं किया था। इन कप्तानों को दूसरी टीमों ने मोटी रकम देकर खरीद लिया था। ऐसे में इस बार करीब पांच 5 टीमों के नए कप्तान होंगे जिसमें दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, जैसी टीमें शामिल हैं। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 27 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर अपनी टीम में शामिल किया, वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें ही अब सुपर जाएंट्स की कप्तानी मिलने की संभावना है। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को 2024 में खिताब जिताने वाले श्रेयस को टीम ने रिटेन नहीं किया है। उन्हें 26.75 करोड़ में पंजाब किंग्स ने खरीदा है और उम्मीद है माना जा रहा है कि उन्हें इतनी बड़ी रकम देकर कप्तान बनाने के लिए ही खरीदा गया है। दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के पूर्व कप्तान केएल राहुल को मेगा नीलामी में 14 करोड़ रुपए में खरीदा है, ऋषभ के जाने के बाद उनका टीम का नया कप्तान बनना तय है। वेंकटेश अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स ने मेगा ऑक्शन में 23.75 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर स्क्वॉड में शामिल किया है।

# इस साल भारत ने खेल में हासिल की ये बड़ी उपलब्धियां, देशवासियों को दी बड़ी खुशी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नया साल 2025 आने में अब महज 8 दिन शेष हैं। हर कोई उम्मीद कर रहा है कि नया साल हर मायने में बेहतर हो क्योंकि खेल के लिहाज से साल 2024 बेहतरीन रहा। इस साल कई बड़े इवेंट हुए जिसमें ओलंपिक और टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल इवेंट्स शामिल हैं। भारत ने क्रिकेट के अलावा ओलंपिक में भी दिखाया कि उसकी खेलों की दुनिया में ताकत लगातार बढ़ रही है। वहीं इस साल के खत्म-खत्म होते शतरंज में डी गुकेश ने पूरे देशवासियों को गदगद किया। डी गुकेश ने सबसे कम उम्र के चैंपियन बन कर इतिहास रचा।



पेरिस ओलंपिक में भारत टोक्यो ओलंपिक के रिकॉर्ड को भले ही नहीं तोड़ सका लेकिन भारत की युवा स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने इतिहास रच कर कमाल किया। टोक्यो ओलंपिक में निराशाजनक तरीके से अपने अभियान का समापन करने के बाद मनु भाकर ने अकल्पनीय वापसी की। जिसके बाद उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल कैटेगरी में व्यक्तिगत और टीम इवेंट में दो ब्रॉन्ज मेडल हासिल करके सनसनी मचा दी। वह एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनीं।

साथ ही टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में भी सिल्व मेडल जीता और इतिहास रचा। हालांकि, वो अपना गोल्ड मेडल बचाने में असफल रहे। लेकिन नीरज का सिल्वर पेरिस में भारत का सबसे बड़ा मेडल साबित हुआ जो इस स्टार एथलीट के कद और प्रदर्शन को बयां करने के लिए काफी है।

पेरिस ओलंपिक के बाद पैरालंपिक खेलों में भारत का प्रदर्शन काबिले-तारीफ रहा। इन खेलों में भारत ने इतिहास रच दिया। भारत ने पेरिस पैरालंपिक में कुल मिलाकर 29 पदक जीते, जिसमें सात गोल्ड मेडल थे, इसके अलावा 9 सिल्वर मेडल और 13 कांस्य पदक भी जीते। इससे पहले भारतीय पैरालंपिक खिलाड़ियों ने टोक्यो 2020 खेलों में अपना बेस्ट प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने 19 मेडल हासिल किए थे जिसमे 5 गोल्ड मेडल शामिल थे।

ये साल शतरंज में भी भारत के हक में रहा। महज 18 वर्षीय डी गुकेश ने वर्ल्ड चेस चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने इस दौरान असाधारण प्रदर्शन कर चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत को 11 साल बाद ये खिताब एक बार फिर वापस मिला। इससे पहले विश्वनाथन आनंद ने ये उपलब्धि अपने नाम की थी।

वहीं भारत में खेलों की बात हो और क्रिकेट का जिक्र नहीं हो ऐसा हो ही नहीं सकता। इस साल भारत ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से आयोजित आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में इतिहास रचा। 17 साल के लंबे इंतजार के बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम करने में कामयाब रहा।

वहीं भारत में खेलों की बात हो और क्रिकेट का जिक्र नहीं हो ऐसा हो ही नहीं सकता। इस साल भारत ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से आयोजित आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में इतिहास रचा। 17 साल के लंबे इंतजार के बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम करने में कामयाब रहा।

# चैम्पियंस ट्रॉफी - फखर ने बताया भारत, पाक सहित ये चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान ने आगामी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर भविष्य वाणी की है। फखर ने कहा है कि इसमें पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसे टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फखर ने बासित अली से कहा कि पाकिस्तान के अलावा भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जो सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसमें पाकिस्तान के साथ ही भारत और बांग्लादेश ए ग्रुप में है जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम बी ग्रुप में इंग्लैंड, न ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर औपचारिक घोषणा के साथ ही इसको लेकर संशय भी दूर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। आठ टीमों के इस आयोजन में 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैच शामिल होंगे और यह पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा।

रावलपिंडी, लाहौर और कराची पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले तीन स्थान होंगे। प्रत्येक स्थान पर तीन ग्रुप मैच आयोजित होंगे, साथ ही लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेगा। लाहौर 9 मार्च को फाइनल की मेजबानी करेगा, जब तक कि भारत क्वालीफाई नहीं कर लेता, ऐसी स्थिति में फाइनल दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में आरक्षित दिन होंगे।

# अफरीदी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट से बाहर रखने का पीसीबी से अनुरोध किया

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने कार्यभार प्रबंधन के लिये टीम प्रबंधन और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैचों के लिये उनके नाम पर विचार नहीं करने का अनुरोध किया है। अफरीदी फरवरी मार्च में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पूरी तरह फिट होना चाहते हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट के लिये शाहीन के बिना पाकिस्तानी टीम का ऐलान होने पर सीनियर चयनकर्ता आकिब जावेद ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये उन्हें तरोताजा रखने की कवायद में कार्यभार प्रबंधन किया जा रहा है। सूत्र ने कहा ,'' असलियत यह है कि शाहीन ने खुद अनुरोध किया था कि चैम्पियंस ट्रॉफी तक टेस्ट मैचों से उन्हें बाहर रखा जाये।'' उन्होंने कहा कि शाहीन ने टीम प्रबंधन और बोर्ड को बताया कि उन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग की एक टीम से पेशकश भी मिली है और उन्होंने आश्वस्त किया है कि वह 30 दिसंबर से सात फरवरी तक होने वाली टी20 लीग के दौरान कार्यभार प्रबंधन कर लेंगे।

# भारतीय क्रिकेट के लिए मिला-जुला रहा 2024

**मुम्बई (एजेंसी)।** साल 2024 भारतीय क्रिकेट टीम के लिए मिला-जुला रहा जहां उसे एक दशक से अधिक समय बाद आईसीसी खिताब मिला। वहीं उसे टेस्टमें अपनी घरेलू धरत पर क्लीन स्वीप का भी सामना करना पड़ा। टीम इस साल एक भी वनडे मैच नहीं जीत पायी। हालांकि उसने काफी कम मैच खेले थे। टी20 प्रारुप में उसे अधिकतर मैचों में जीत मिली।

भारतीय क्रिकेट टीम को रोहित शर्मा की कप्तानी में अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में हुए टी20 विश्वकप में जीत मिली। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने सभी मैच जीते। भारत ने चार स्पिनरों को टीम में रखा था जिनमें से रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को ही खेलने का मौका मिला। जडेजा को बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपना जलवा दिखाने का खास मौका नहीं मिला लेकिन कुलदीप और अक्षर भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने भी क्रमश: 15 और 17 विकेट लेकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई।



बल्लेबाजी में रोहित ने अहम भूमिका निभाई । उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी टीमों के आक्रमण को ध्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके सलामी जोड़ीदार कोहली शुरुआती मैचों में खास योगदान नहीं दे पाए लेकिन फाइनल में उन्होंने तब 76 रन की शानदार पारी खेली जबकि टीम खराब शुरुआत के कारण संकट में दिख रही थी। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, के अलावा सूर्यकुमार यादव और कार दुर्घटना के बाद वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने भी भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। रोहित, कोहली और जडेजा ने भारतीय टीम के चैंपियन बनने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। यह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए भी शानदार विदाई थी जिनका कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था। रोहित के संन्यास लेने के बाद पूरी उम्मीद थी की हार्दिक इस छोटे प्रारूप में कप्तानी का दायित्व संभालेंगे पर नये कोच बने गौतम गंभीर ने सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनवाया।

उभरते हुए खिलाड़ियों तिलक वर्मा और संजू सैमसन ने भी अच्छी बल्लेबाजी की जबकि वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाजी में अपना कमाल दिखाया। भारत को हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच के घरेलू श्रृंखला में 0-3 से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा।

# भारत करेगा आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत को अगले साल के जूनियर विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। भोपाल में 2023 में सीनियर विश्व कप और इस साल की शुरुआत में सत्र के अंत में हुए विश्व कप फाइनल के बाद यह हाल के दिनों में देश का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जिससे दुनिया में खेल के शीर्ष स्थलों में से एक के रूप में भारत की प्रतिष्ठा मजबूत होगी।



हालांकि टूर्नामेंट की तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। एनआरएआई द्वारा आईएसएसएफ से आधिकारिक पुष्टि प्राप्त करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में मदद करने के तरीके की प्रशंसा की थी।'' उन्होंने कहा, ''हमें तब इसका अहसास हुआ था, लेकिन अब जब आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। ''एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद जल्द उनके साथ इसे साझा करेंगे ताकि सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।''

## शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण अगले दो दिनों में करें

# समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के अधिकारियों को मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण अगले दो दिनों के भीतर करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान, राजस्व महाअभियान की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, एसडीएम डॉ. आरती सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, आरईएस अश्विनी जायसवाल, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, जनपद सीईओ एमएल प्रजापति, प्रतिपाल बागरी सहित जिला एवं अनुभाग स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।






कलेक्टर रानी बाटड ने जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायवार लग रहे मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के शिविरों में प्राप्त विभागवार आवेदनों एवं उनके निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभाग प्रमुख इन आवेदनों को स्थानीय नगरीय निकाय अथवा जनपद पंचायत से प्राप्त कर स्वयं देखे और अगले दो दिनों के भीतर इनका शत-प्रतिशत निराकरण भी सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के डैशबोर्ड पर जन कल्याण अभियान के आवेदन भी प्राप्त होंगे। सभी जिला अधिकारी पोर्टल के डैशबोर्ड पर विभाग से संबंधित आवेदनों को देखें। जनपद के सीईओ और नगर पंचायत के सीएमओ संबंधित विभागों तक आवेदनों को पहुंचाये और समन्वय के साथ उनका निराकरण भी करायें। सभी विभाग आज ही अपने विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त कर लें ताकि अगले दो दिनों में इनका निराकरण किया जा सके।

कलेक्टर ने बताया कि भूमि विवाद से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए जिले में राजस्व और पुलिस अधिकारियों के संयुक्त शिविर लगाये जा रहे हैं। अतिक्रमण और भूमि विवाद संबंधी आवेदनों को शिविर में रखकर उनका निराकरण करायें।

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि कोई भी शिकायत नाट-अटेण्ड नहीं रहनी चाहिए। समीक्षा के दौरान 9 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें नाट-अटेण्ड होकर उच्च स्तर पर जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। 50 दिवस से ऊपर की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें और इन शिकायतों पर फोकस कर सभी विभाग अपने यहां लंबित शिकायतों में से कम से कम 50 प्रतिशत शिकायतें इस हफ्ते कम करायें। उन्होंने कहा कि इस हफ्ते 50 दिवस से ऊपर की शिकायतों में अच्छा काम हुआ है। इस हफ्ते 80 प्रतिशत से अधिक मार्किंग अंक लाने के प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि अतिक्रमण और बेजा कब्जे की शिकायतें राजस्व अभियान के दौरान शत-प्रतिशत रूप से निराकृत कराये। 50 दिवस से अधिक की 2372 कुल शिकायतें लंबित हैं।

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में निराकरण की जानकारी से आवेदक को भी अवगत कराये। जनसुनवाई में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को भी प्रस्तुत करें। बैठक में जल निगम और सामाजिक न्याय विभाग से किसी अधिकारी के बैठक में उपस्थित नहीं रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

## उच्च शिक्षा मंत्री परमार आज सतना आयेंगे



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार 27 दिसंबर को प्रातः 6:40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना पहुंचकर सर्किट हाऊस में रुकेंगे। संशोधित निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंत्री परमार प्रातः 8 बजे सतना से पन्ना के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री परमार सायं 7 बजे पन्ना से चित्रकूट आरोग्य धाम के लिए प्रस्थान करेंगे और रात्रि विश्राम चित्रकूट में करेंगे। प्रवास के दूसरे दिन 28 दिसंबर को प्रातः 10 बजे मंत्री श्री परमार दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के कार्यक्रम एवं अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत सायं 5.30 बजे चित्रकूट से सतना के लिये रवाना होंगे। मंत्री परमार सतना से रात्रि 8:40 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिये रवाना होंगे।

## शीतलहर से बचाव एवं सुरक्षा के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** आयुक्त स्वास्थ्य ने शीतलहर से होने वाले दुष्प्रभावों और उससे बचाव के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दिसम्बर और जनवरी माह में शीतलहर के दौरान सर्द हवाओं से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव के दृष्टिगत सावधानियों और तैयारियों के वृहद निर्देश आदेश में शामिल हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा "नेशनल गाइडलाइंस फॉर प्रिपरेशन ऑफ एक्शन प्लान-प्रिवेंशन एंड मैनेजमेंट ऑफ कोल्ड वेव एंड फ्रॉस्ट" जारी की गई है, जिससे शीतलहर से बचाव और प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा सकें। इन दिशा-निर्देशों के तहत सभी संबंधित विभागों और अस्पतालों को सतर्क रहने और समय पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

अस्पतालों में शीतलहर से बचाव हेतु व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जिला और विकासखंड स्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश आयुक्त स्वास्थ्य ने दिये हैं। साथ ही शीतघात और हाइपोथर्मिया से उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याओं की त्वरित पहचान और प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सभी अस्पतालों में करने के लिये कहा गया है।

**सुरक्षात्मक उपाय एवं सावधानियाँ:** स्थानीय स्तर पर संचार माध्यमों से मौसम संबंधी पूर्वानुमानों के प्रति जागरूक रहने की नागरिकों को सलाह दी गयी है। मौसम के पूर्वानुमानों का पालन करें। शीतलहर के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और घर के अंदर ही रहें। ठंड में लंबे समय तक बाहर न रहें। ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनकर सिर, गर्दन, हाथ और पैरों को ढककर रखें। विटामिन सी युक्त फल और सब्जियां खाएं और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए गर्म तरल पदार्थों का सेवन करें। आस-पड़ोस में रहने वाले वृद्धजनों और बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू और नाक से खून आने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

**बंद कमरों में अंगीठी/कोयले का उपयोग न करें:** कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा बंद कमरों में अंगीठी या फायर पॉट का उपयोग करने से होता है, जिससे जान का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए बंद कमरों में अंगीठी फायर पॉट का प्रयोग न करें। फ्रॉस्टबाइट के दौरान त्वचा सफेद या फीकी पड़ सकती है।

कपकपी, मांसपेशियों में अकड़न, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद आना, सांस लेने में कठिनाई और बेहोशी जैसे लक्षण दिख सकते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है और इसके लिए तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। हाइपोथर्मिया से प्रभावित व्यक्ति को तुरंत गर्म कपड़े पहनाएं और उसे गर्म स्थान पर रखें। कंबल, तौलिया या चादर से शरीर को ढकें। गर्म पेय पदार्थ देकर शरीर के तापमान को बढ़ाएं। लक्षणों के बढ़ने पर तुरंत चिकित्सीय सहायता लें। शराब का सेवन न करें, क्योंकि यह शरीर के तापमान को घटाता है और रक्त धमनियों में संकुचन करता है। फ्रॉस्टबाइट प्रभावित अंगों को रगड़ने से बचें, इससे और अधिक नुकसान हो सकता है। बेहोश व्यक्ति को तरल पदार्थ न पिलाएं।

## राजस्व अभियान को लेकर कलेक्टर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी तहसीलदारों से चर्चा कर राजस्व महाअभियान की गतिविधियों की समीक्षा की।

उन्होंने जनकल्याण पर्व के दौरान शिविरो में प्राप्त आवेदनों के संबंध में की गई कार्यवाहियों की जानकारी ली। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ. आरती सिंह भी उपस्थित रहे।

## सीमेंट फैक्ट्री के एचआर हेड को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

### पुलिस के सामने चलाए लात-घूंसे, ब्लास्ट में मजदूर की मौत पर भड़के साथी

**मीडिया ऑडीटर, मैहर निप्र।** मैहर में सीमेंट फैक्ट्री में ब्लास्ट से एक मजदूर की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए मजदूरों ने पुलिस के सामने ही फैक्ट्री के एचआर हेड को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। उसे जमीन पर पटक दिया। लात-घूंसे मारे।



**प्रबंधन के फेवर में बात करने पर भड़के मजदूर:** बताया जा रहा है कि हादसे के बाद एचआर हेड उपेंद्र मिश्रा के सामने मजदूर अपनी बात रख रहे थे। इस बीच प्रबंधन के फेवर में बात करने पर मजदूर भड़क गए। उन्होंने एचआर हेड के साथ मारपीट कर दी। उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव कर उन्हें बचाया। बताया जा रहा है कि पिटाई से उन्हें काफी चोट आई है। उनका इलाज कहां चल रहा है, ये किसी को पता नहीं।

टीआई अनिमेष द्विवेदी ने बताया कि अभी इस संबंध में फैक्ट्री प्रबंधन ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

**मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ पुलिस को शिकायत की:** फैक्ट्री के मजदूरों ने इस पूरे मामले में फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए है। इसे लेकर पुलिस को शिकायती पत्र भी सौंपा है। मृतक मजदूर के परिजन को मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही ब्लास्ट के लिए फैक्ट्री के सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों को दोषी बताया है।

## एम.पी. ट्रांसको में महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** समाज में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों से महिलाओं की सुरक्षा हेतु एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) की महिला आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्षा श्रीमती श्रद्धा तिवारी कि पहल पर कंपनी की महिला कार्मिकों को भी साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक बनाने हेतु एम.पी. ट्रांसको के मुख्यालय जबलपुर में मानव संसाधन एवं प्रशासन, योजना एवं रूपांकन, स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर, मानव संसाधन एवं विकास, परीक्षण एवं संचार, अउदा-संधा, अउदा-निर्माण, मुख्य वित्तीय अधिकारी, सी.आर.ए. संकायो में महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आई.टी. विशेषज्ञ राहुल दादोरिया द्वारा कंपनी की महिला कार्मिकों को साइबर क्राइम से जुड़े विभिन्न पहलुओं, सजगता-सतर्कता से भलीभाँति अवगत कराया गया एवं महिलाओं को सुरक्षा संबंधी विभिन्न अधिनियम भी बताए गए।



## चारपाई के नीचे जलती आग से झुलसकर महिला की मौत

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट के मऊ तहसील के इटवा रामपुर गांव में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। ठंड से परेशान वृद्ध महिला ने अपनी चारपाई के नीचे अलाव जलाकर सो रही थी। चारपाई में आग लगने से वृद्ध महिला की जलकर मौत हो गयी। ठंड से बचाव के लिए चारपाई के नीचे तसले में आग जलाकर रखना वृद्धा को महंगा पड़ गया। देर रात को तसले की आग से चारपाई में आग लग गई और सोई बुजुर्ग महिला की झुलसने से मौत हो गई। परिजनों को काफी देर बाद घटना की जानकारी हो सकी।



मंगलवार रात ठंड के चलते उन्होंने चारपाई के नीचे आग जलाई और रजाई ओढ़कर सो गईं। तड़के आग लगने से चारपाई ने आग पकड़ ली। इससे संतोषिया बुरी तरह झुलस गईं। आग की लपटें और शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन संतोषिया की जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना पाकर रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप सिंह पटेल ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आरती यादव ने कुशल और दक्ष प्रशासनिक क्षमता का दिया परिचय

# एसडीएम अमरपाटन को दी गई भावभीनी विदाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** एसडीएम अमरपाटन आरती यादव का स्थानांतरण सागर जिले के लिए होने पर गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में प्रशासनिक और जिले के विभागीय अधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि अमरपाटन के एसडीएम के रूप में आरती यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान कुशल और दक्ष प्रशासनिक क्षमता का परिचय दिया। सहयोगी अधिकारियों ने भी एसडीएम यादव के कार्य प्रणाली और सद्व्यवहार की सराहना करते हुए शुभकामनायें दी।




कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि नये जिले में सीमित संसाधनों के बावजूद अमरपाटन की स्थिति, परिस्थितियों को समझकर एसडीएम आरती यादव ने अपने कार्य दायित्वों का बेहतर और कुशलतापूर्वक दायित्व निर्वहन किया। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवा में काम के प्रति लगन और सोच कभी बदलनी नहीं चाहिए, चाहे कितनी भी परिस्थितियां पूतिकूल हो। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि एसडीएम आरती यादव ने अपने व्यस्ततम कार्य के बीच भी व्यक्तिगत जीवन सांस्कृतिक, सामाजिक गतिविधियों में भी भागीदारी बनाये रखी। नवगठित मैहर जिले के गौरव गान की रचना भी की। उन्होंने सभी चुनौती पूर्ण कार्यों में कलेक्टर की टीम के सदस्य के रूप में बेहतर प्रदर्शन और परिणाम दिये हैं। एसडीएम मैहर विकास सिंह ने कहा कि मैहर कलेक्टर के मार्गदर्शन में अमरपाटन क्षेत्र में प्रशासनिक दक्षता और कर्मठता के साथ आरती यादव ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। एसडीएम रामनगर डॉ. आरती सिंह ने कहा कि प्रोफेसनल लाइफ के अलावा भी एसडीएम अमरपाटन ने अपने व्यक्तिगत जीवन पर भी विशेष ध्यान दिया। कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री आरईएस अश्विनी जायसवाल, रीडर टू कलेक्टर अग्निहोत्री ने भी कार्य अनुभव की जानकारी दी।

स्थानांतरित एसडीएम आरती यादव ने कहा कि अमरपाटन की रिटर्निंग आफीसर के रूप में विधानसभा चुनाव कराना उनका पहला अनुभव रहा। चुनावों में टीम वर्क के साथ क्लोज होकर काम करना और समय पर काम संपन्न करना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि जॉब आपके जीवन का एक भाग है ना कि सम्पूर्ण जिंदगी इसी आधार सूत्र के अनुसार प्रोफेशन के साथ अपने लिये भी वक्त निकाला। कलेक्टर मैहर के निर्देशन में नवगठित मैहर जिले को स्थापित जिलों के समकक्ष बनाये रखने के प्रयास किये गये। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण के अवसर पर आपके लिये व्यक्त किये गये विचार कार्यकाल और कार्यप्रणाली का निचोड होता है। जिनसे हमें आगे बढने की प्रेरणा मिलती है।

## जिला सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार अधिनियम 1989 एवं अत्याचार निवारण नियम संशोधित 2016 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में 27 दिसंबर 2024 को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित गई है।

जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि बैठक में अधिनियम 1989 के अंतर्गत नियम 1995 के तहत विभिन्न उपबंधों के तहत विभिन्न श्रेणी के प्रकरण स्वीकृत और भुगतान राशि, विभिन्न श्रेणी के पीड़ितो को स्वीकृत एवं भुगतान राशि, अधिनियम के उपबंधो के क्रियान्वयन के लिये जिम्मेदार अधिकारियों एवं अभिकरणों की भूमिका के संबंध में, विशेष न्यायालय में अधिनियम के अंतर्गत विचाराधीन एवं निराकृत मामलों एवं पुलिस में दर्ज प्रकरण और अनुसंधान में लंबित मामलों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

## सिल्ट सफाई अभियान शुरु

### कुंभ को देखते हुए नदी, घाटों को साफ करने की कवायद



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट महाकुंभ 2025 की तैयारी के तहत मंदाकिनी नदी की सफाई तेज हो गई है। बुंदेली सेना की मांग पर नगर पालिका ने पन्नालाल घाट की सफाई के लिए टीम उतारी है। पिछले तीन दिनों से नगर पालिका कर्मी घाट पर जमा सिल्ट निकालने में जुटे हैं। वहीं, सिंचाई विभाग ने भी राघव प्रयाग घाट पर सफाई कार्य शुरू कर दिया है।

**घाट को नहाने लायक बनाने की पहल:** बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम रामघाट के छोटे पुल से बूढ़े हनुमानजी मंदिर तक सफाई अभियान चला रही है। इसी क्रम में घाटों पर जमा सिल्ट हटाने के लिए नगर पालिका से सहयोग मांगा गया था। अब तक पन्नालाल घाट पर 50 मीटर क्षेत्र की सफाई की जा चुकी है। सिल्ट पूरी तरह हट जाने के बाद यह घाट नहाने लायक हो जाएगा।

**महाकुंभ से पहले सुलभ कांप्लेक्स के जीर्णोद्धार की मांग:** रामघाट पर बने एकमात्र सुलभ कांप्लेक्स की जर्जर स्थिति को लेकर बुंदेली सेना ने नगर पालिका से इसे दुरुस्त करने की अपील की है। अजीत सिंह ने बताया कि महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु धर्मनगरी आएंगे। ऐसे में न केवल नदी की स्वच्छता बल्कि घाटों के बुनियादी ढांचे को सुधारना भी जरूरी है। कांप्लेक्स में रंगाई-पुताई, खिड़की-दरवाजों की मरम्मत और पाइपलाइन कनेक्शन की जरूरत है।

**नगर पालिका और सिंचाई विभाग का योगदान:** सफाई अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ईओ लालजी, और सफाई इंस्पेक्टर कमलाकांत शुक्ला ने सक्रिय भूमिका निभाई। सफाई नायक आशीष कुमार के नेतृत्व में कर्मियों की टीम ने सफाई कार्य को गति दी। बुंदेली सेना ने इनके सहयोग के लिए आभार जताया है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।